उज्जैन
शनिवार
06
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-34
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



एअर इंडिया पर भड़कीं सितार वादक रविशंकर की बेटी सफर के बाद अनुष्का को थमाया टूटा हुआ सितार, दावा- जानबूझ कर तोड़ा



# एमपी में लैंड पुलिंग, बिजली खरीदी, आरजीपीवी घोटालों को लेकर विधानसभा में गरमाया माहौल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के सत्र में आज कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोरदार चर्चा हुई। सबसे पहले कांग्रेस विधायक महेश परमार ने उज्जैन में हो रही लैंड पुलिंग की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों के लगातार संघर्ष के बाद सरकार ने लैंड पुलिंग को निरस्त करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इसका लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने पूछा कि घोषणा पत्र कब जारी होगा और आदेश कब आधिकारिक रूप से रद्द होगा।

इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव घोषणा कर चुके हैं और पत्र जल्द जारी कर दिया जाएगा। इसी पर कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने टिप्पणी की कि किसान चिंतित हैं और प्रक्रिया की गति बहुत धीमी है। जवाब में विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बोल दिया है तो अब क्या बचता है, यानी आदेश जल्द आ जाएगा।

कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने बिजली खरीदी का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले से ही सरप्लस बिजली है, फिर भी सरकार पावर एक्सचेंज से बिजली खरीद रही है, जो समझ से परे है। मंत्री तुलसी सिलावट ने स्वीकार किया कि बिजली खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 2409 इंडस्ट्री, फैक्ट्री और बड़े उपभोक्ताओं पर 1228 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बकाया है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को दूर किया जा रहा है। उन्होंने सुझाव का स्वागत किया कि स्मार्ट मीटर की निगरानी के लिए एक विधानसभावार कमेटी बनाई जाए, जिसमें स्थानीय विधायक भी शामिल हों। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन में विधायकों की अनुपस्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने अध्यक्ष से अनुरोध किया कि अगली बार सत्र की तारीखें तय करते समय शादी-विवाह के मुहूर्तों का ध्यान रखा जाए, क्योंकि विधायकों को अपने क्षेत्रों में होने वाली शादियों में भाग लेना पड़ता है। प्रश्नकाल के दौरान कई विधायक अनुपस्थित पाए गए।

- **सिंगरौली में काटकर...शिवपुरी में लगाए जा रहे हैं-** विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि सिंगरौली से पेड़ काटकर सागर और शिवपुरी में लगाए जा रहे हैं। ये कैसा न्याय है। अडाणी को श्रेष्ठ बताने के लिए ये लोग सिंगरौली के आदिवासियों के जमीन से पेड़ काटे जा रहे हैं।
- **उमंग सिंघार बोले- सिंगरौली ब्लॉक पेसा एक्ट के दायरे में-** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि पहले सिंगरौली ब्लॉक पेसा एक्ट के दायरे में आ रहा था, तो संसदीय कार्य मंत्री ने गलत जानकारी क्यों दी कि वह इलाका पेसा के दायरे में नहीं आता था। जबकि अगस्त 2023 में इसे लेकर स्पष्ट कहा गाय है कि वह इलाका पेसा एक्ट के दायरे में आता है। सरकार को इसके बारे में जवाब देना चाहिए।
- **कांग्रेस के तेज प्रदर्शन,सीधे सीएम पर वार-** मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के प्रदर्शन पर तेज धार रही और सीधे सीएम डा.मोहन यादव पर ही उन्होंने वार किया है। विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने किसानों के लिए प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की जिसमें किसानों को राहत राशि देना होगा ,किसानों को मुआवजा देना होगा। किसानों पर अत्याचार बंद करो,मुख्यमंत्री होंश में आओ जैसे नारे लगाए हैं।
- **बंदर सरकार का उस्तरा नहीं चलेगा-** विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में प्रदेश की कठपुतली भाजपा सरकार के विरुद्ध सांकेतिक प्रदर्शन




किया। इसमें कांगेस कार्यकर्ता बंदर का मुखौटा लगाए साथ था। कांग्रेस के फेसबुक पेज पर इसे लगाया गया है। आज प्रदेश का युवा बेरोजगारी से त्रस्त है, चाहे जनसेवा मित्र हों या सरकारी भर्ती प्रक्रियाएँ, सब कुछ ठप पड़ा है। महिलाओं की सुरक्षा संकट में है, किसान आत्महत्या को मजबूर हैं और बढ़ते अपराधों ने कानून-व्यवस्था को चौपट कर दिया है। प्रदेश की यह दयनीय स्थिति साफ बताती है कि बंदर के हाथ में उस्तरा दे दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान विधायकों ने नारेबाजी भी की।

- **रूपए 165 करोड़ प्रतिदिन कर्ज- पटवारी-** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश की सरकार 165 करोड़ रूपए प्रतिदिन कर्ज लेती है। मुख्यमंत्री जी रोज इवेंट करते हैं। माईक,टेंट,बहनें सब कर्ज लेकर करते हैं। मुख्यमंत्री जी की मात्र 3 विदेश यात्रा में 34 करोड का खर्च हुआ है।हमारी सरकार कर्ज लेकर राजनीतिक अय्याशी करती है। राजनीतिक रूप से इवेंट करती है। विज्ञापन देती है। करो अभिनंदर बजाओं ताली।

## पेड़ कटाई का मुद्दा, कांग्रेस ने किया वॉकआउट

- मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज अंतिम दिन है। कांग्रेस ने सदन में सिंगरौली जिले के जंगल में 6 लाख पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठाया। जिसका वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार सही से जवाब नहीं दे पाए। इसी दौरान पक्ष-विपक्ष में बहस शुरू हो गई। जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया।
- दरअसल, कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने सिंगरौली में पेड़ कटाई को अवैध अवैध बताते हुए कहा कि सारी कटाई परमिशन के आधार पर की जा रही है तो फिर विरोध की स्थिति क्यों उत्पन्न हो रही है। 8 गांव अधिसूचित क्षेत्र से बाहर कैसे हो गए? जिसके जवाब में वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि जो भी पेड़ काटे गए हैं। वह नियमानुसार काटे गए हैं। जितने काटे जा रहे हैं, उतने पेड़ लगाए भी जा रहे हैं। जितनी जमीन जा रही है। उतनी जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है।
- वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने यह भी तर्क दिया कि ये सही नहीं है कि वन क्षेत्र में अवैध कटाई की जा रही है। खान और खनन मंत्रालय के निर्देश के आधार पर ही 2672 हेक्टेयर क्षेत्र में कटाई हुई है। जो भी पेड़ काटे गए हैं, वह नियम अनुसार कटे हैं

## मोदी ने रूसी सेना में भर्ती भारतीयों का मुद्दा उठाया, कहा- उनकी सुरक्षित वापसी हो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान रूसी सेना में शामिल भारतीयों का मुद्दा उठाया।



उन्होंने पुतिन से भारतीयों की सुरक्षित वापसी की मांग की। विदेश मंत्रालय के मुताबिक कम से कम 44 भारतीय रूसी सेना में फंसे हुए हैं। भारत दौरे पर आए पुतिन और मोदी ने करीब 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान दोनों देशों के बीच भी किसी बड़े डिफेंस डील का ऐलान नहीं किया गया। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदा होने की बात कही जा रही थी।

## पाकिस्तान ने चीन के अरुणाचल पर दावे का समर्थन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के अरुणाचल प्रदेश पर दावे का खुलकर समर्थन किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 5 दिसंबर को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े हर मुद्दे पर पाकिस्तान का लगातार और पूरा समर्थन चीन के साथ है। अरुणाचल प्रदेश पर चीनी विदेश मंत्रालय के दिए गए बयानों के सवाल पर अंद्राबी ने यह बात कही। चीन ने 25 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को कभी भारत का हिस्सा नहीं माना। चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजॉम थांगडॉक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया था।

## अनिल अंबानी ग्रुप की 1120 करोड़ की प्रॉपर्टीज अटैच

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालन ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों



की 1,120 करोड़ रुपए की नई संपत्तियां अटैच की हैं। इसके साथ ही समूह के खिलाफ अब तक 10,117 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। ईडी के अनुसार, ताजा कार्रवाई में मुंबई के बॉलार्ड एस्टेट स्थित रिलायंस सेंटर, फिक्स डिपॉजिट, बैंक बैलेंस और अनलिस्टेड निवेश सहित 18 संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की गई हैं। इसके साथ ही रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की 7, रिलायंस पावर की 2 और रिलायंस वैल्यू सर्विसेज की 9 संपत्तियां भी फ्रीज की गई हैं।

## आगरा में 'पुष्पा' स्टाइल में एक करोड़ की चरस पकड़ी

**आगरा।** आगरा में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने फिल्म 'पुष्पा' स्टाइल में 10 किलो चरस पकड़ी है। तस्करों ने चरस को अर्टिगा कार के दरवाजों के अंदरूनी हिस्सों में छिपाकर रखा था, जिससे पुलिस की नजरों से बचा सकें। लेकिन, कार की तलाशी के दौरान पुलिस और एएनटीएफ टीम ने दरवाजों से पैकेट निकालकर बरामद किए। पकड़ी गई चरस की कीमत करीब 1 करोड़ बताई जा रही है। दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों 7 साल तिहाड़ जेल में भी बंद रहे थे। शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि आगरा और आसपास जिलों के होटलों में देर रात तक चलने वाली पार्टियों में ये खेप पहुंचाई जानी थी। पुलिस पूरे सिंडिकेट की तलाश कर रही है।

## बंगाल में आज बाबरी की नींव रखने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला स्थित बेलडांगा में तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर शनिवार को बाबरी मस्जिद की नींव रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके समर्थक सुबह से सिर पर ईंट लेकर निर्माण स्थल की तरफ निकलने लगे हैं। बेलडांगा समेत आसपास का इलाका आज हाई अलर्ट पर है। कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इनकार किया था।

## मध्य रेल और पश्चिम रेलवे ने नकली टिकट के खिलाफ मुहिम तेज की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्य रेल और पश्चिम रेलवे ने मिलकर नकली टिकट के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए सख्ती बढ़ाई है। यह हाल के दिनों में नकली/जाली/नकली टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए किया गया है। मध्य रेल और पश्चिम रेलवे के उपनगरीय नेटवर्क में टिकट चेकिंग की गतिविधियां तेज की जाएंगी। स्टेशनों और ट्रेनों में अनियमित यात्रा और नकली टिकटों पर यात्रा करने वालों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए स्पेशल टिकट चेकिंग टीमें तैनात की जाएंगी। चेकिंग के तहत, यात्रियों को एक वैलिड पहचान पत्र साथ रखना होगा और उसे टिकट परीक्षक को दिखाना होगा। पहचान पत्र सीजन टिकट पर दी गई जानकारी से मेल खाना चाहिए। रेलवे नकली टिकट बनाने या इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अपना रहा है। यात्रियों को नकली यात्रा टिकट पाने या बनाने के लिए कोई भी धोखाधड़ी वाला तरीका अपनाने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी जाती है।

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में

# टीचर्स के 161 में से 117 पद खाली

### विद्यार्थियों की रुचि रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में टीचर्स की कमी है। जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार 161 में से 117 पद खाली पड़े हुए है और यही कारण है कि विश्वविद्यालय में संचालित रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की रूचि नहीं है।



उज्जैन के इस विश्वविद्यालय के साथ ही पूरे प्रदेश के भी कई विश्वविद्यालयों की यही स्थिति है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक और आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसमें एविएशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, वेब डिजाइनिंग जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन शिक्षकों के 80 फीसद पद खाली होने के कारण विद्यार्थियों की रुचि इन पाठ्यक्रमों में नहीं है। इन पाठ्यक्रमों में चार या पांच विद्यार्थी प्रवेश ले रहे हैं। विश्वविद्यालयों के साथ ही कालेजों में भी यही स्थिति है। यही कारण है कि विश्वविद्यालय नैक को ग्रेडिंग में भी पिछड़े हैं। उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में भी टीचर्स के 161 में से 117 पद खाली हैं। इनमें 57 पद असिस्टेंट प्रोफेसर के खाली हैं। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार ने उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय का नाम बदलकर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कर दिया है। राज्य सरकार ने ऐसा यह रेखांकित करने के लिए किया है कि विश्वविद्यालय का नाम सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर रखा गया है।



## खबर एक नजर...

### शराब खापने आया था, घेराबंदी में पकडाया युवक

**उज्जैन।** एक्टिवा पर देशी शराब लेकर खपाने आया युवक पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया। उसके पास से बरामद शराब 23 हजार से अधिक की होना सामने आई है। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि सर्कल भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि एक्टिवा क्रमांक एमपी 13 डीवी 9547 से एक युवक तारामंडल के पास सड़क किनारे खड़ा है, उसके पास अवैध शराब है जिसे खापने की फिराक में है। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव, एएसआई तवंरसिंह केवला, प्रधान आरक्षक मुकेश मुनिया और आरक्षक विश्वपाल के साथ घेराबंदी के लिये पहुंचे। एक्टिवा सवार युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पकड़ा गया। उसके पास से 2 झोले जप्त किये गये। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे थे। एक्टिवा सहित उसे थाने लाया गया। उसके झोले से शराब के 335 क्वार्टर जप्त किये गये। पूछताछ में युवक का नाम अशोक पिता रमेश निवासी संत कबीर नगर सामने आया। उसके खिलाफ धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बताया जा रहा है कि शराब इंदौर के रास्ते उज्जैन लेकर आया था।

### संयुक्त संचालक को ब्लैकमेल करने वाले कथित पत्रकारों पूछताछ

**उज्जैन।** म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त संचालक को ब्लैकमेल करने वाले कथित पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनका रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है। पत्रकारों के खिलाफ 2 दिन पहले माधवनगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि भरतपुरी स्थित मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त संचालक मानसिंह पिता मानजी मुनिया निवासी अखलधाम कालोनी ने पत्रकार संजय पिता बसंतीलाल कोठारी निवासी शिवांश वेली देवास रोड और धर्मेन्द्र पिता भूपेन्द्र शर्मा निवासी लक्ष्मी विहार आगर रोड के खिलाफ ब्लैकमेल करने और 38 हजार रुपए नहीं देने पर लोकायुक्त में शिकायत कर समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित करने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कराया था। शुक्रवार को दोनों पत्रकारों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि दोनों ने किसी ओर के साथ तो ब्लैकमेलिंग नहीं की है। उनकी पत्रकारिता का स्तर पर पता किया जा रहा है।

### हत्या के आरोपी ने निकाला जूलूस निकाल मचाया उत्पात

**उज्जैन।** हत्या का आरोपी जमानत पर रिहा होकर घर लौटा, रात में उसने दोस्तों के साथ जुलूस निकाला और उतपात मचाते हुए पटाखे जलाकर फेंके। एक युवक के घर पर पटाखे गिरे तो उसने विरोध किया। आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसे 2 साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि जानसापुरा में रहने वाले आदर्श पिता भगवानदास प्रजापत ने रात में थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि वह खाना खा रहा था, उसी दौरान पटाखों की आवाज सुनाई दी। उसके घर की छत पर जलते पटाखे गिरे। कुछ पटाखे दरवाजे तक आ गये थे। उसने बाहर आकर देखा तो क्षेत्र का रहने वाला सलमान जुलूस निकाल रहा था, उसके साथी उत्पता कर रहे थे। उसने जलते पटाखे फेंकने से मना किया तो सलमान ने अपने साथियों नारायण तिवारी, अदनान और अन्य के साथ मिलकर गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। आदर्श ने बताया कि सलमान जेल से जमानत पर रिहा होकर आया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर रात में ही जानसापुरा में दबिश दी गई और तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर सामने आया कि सलमान ने 2 साल पहले कार्तिक मेले में झूला झुल रही युवती के साथ हुई छेड़छाड़ के विवाद में चाकू मारकर युवती के भाई की हत्या की थी। वह गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। उसे गुरूवार को ही जमानत पर रिहाई मिली थी। उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश फिर से साथियों के साथ जेल भेजा गया है।

### संभाग के 12441 शिक्षक नहीं लगा रहे ई-अटेंडेंस

# 2133 शिक्षकों ने एक बार भी एप नहीं खोला

## उज्जैन संभाग की बात करें तो यहां के 31466 शिक्षकों में से 12 हजार से ज्यादा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करते


ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लाख कोशिशों के बाद भी सरकारी स्कूल के शिक्षक ई-अटेंडेंस लगाने को तैयार नहीं है। उज्जैन संभाग की बात करें तो यहां के 31466 शिक्षकों में से 12 हजार से ज्यादा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करते। उज्जैन जिले के 2133 शिक्षक तो ऐसे है जिन्होंने अटेंडेंस के लिए अब तक एक बार भी एप नहीं खोला। इसको लेकर विभाग ने नवंबर का वेतन भुगतान रोक दिया।

इधर, तनख्वाह नहीं मिलने पर शिक्षक संगठन पदाधिकारियों ने अफसरों को नियमों का हवाला देते हुए दबाव बनाने का प्रयास किया। इस पर विभाग ने अब दिसंबर माह में ई-अटेंडेंस लगाने का फाइनल अल्टीमेटम देकर होल्ड किया वेतन रिलीज करना शुरू कर दिया है, लेकिन इन्हें यह स्पष्ट किया जा रहा हैं कि दिसंबर माह का वेतन ई-अटेंडेंस के आधार पर ही मिलेगा।

सख्ती शुरू होने के बाद ई-अटेंडेंस का आंकड़ा भी 5 दिन में करीब 10% बढ़ गया। नवंबर के अंतिम वर्किंग डे 28 नंवबर को 56.73% रही शिक्षकों की ई-





अटेंडेंस 5 दिसंबर को बढ़कर 65.45 प्रतिशत हो गई। ई-अटेंडेंस लगाने वाले संभाग के 17850 शिक्षकों की संख्या अब 20 हजार 593 हो गई है।

### ई-अटेंडेंस से बचने इस तरह के बहाने

1. स्कूल के दूरस्थ इलाकों में नेटवर्क नहीं मिलता। इस कारण अटेंडेंस नहीं लगती।
2. स्कूल पहुंचने के बाद भी कई बार मोबाइल एप सही लोकेशन नहीं बताता।
3. एसआईआर सर्वे के कारण फिल्ड में काम करते। वहां से लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाती।

### शाला प्रभारी भी नहीं मानते शिक्षा विभाग के आदेश

उज्जैन संभाग में कुल 8753 स्कूलों में शाला प्रधान, एचएम या प्राचार्य है। इनमें से सिर्फ 54.48 प्रतिशत ने ही नवंबर में ई-अटेंडेंस लगाई। 46.52 प्रतिशत शाला प्रधान ने सरकार का ई-अटेंडेंस आदेश नहीं माना। उज्जैन जिले के कुल 1680 शाला प्रधानों में से नवंबर में सिर्फ 39.11 प्रतिशत (657) ने ही ई-अटेंडेंस लगाई। आगर-मालवा में सबसे अच्छा 69.34 प्रतिशत रहा। सख्ती के बाद 5 दिसंबर की ?स्थिति में संस्था प्रधान की उपस्थिति 10 प्रतिशत बढ़ते हुए 64.71 प्रतिशत हो गई। यहां भी उज्जैन 49.17 प्रतिशत के साथ संभाग में सबसे पीछे है। रतलाम 77.11 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा।

उज्जैन में पायलेट प्रोजेक्ट हुआ, यहीं फेल: इस साल ई-अटेंडेंस लागू करने से पहले सीएम के ग्रह जिले उज्जैन में इसका पायलेट प्रोजेक्ट हुआ था। यहां सफल होने के बाद ही इसे जुलाई माह से पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया, लेकिन ई-अटेंडेंस में अब उज्जैन जिला ही फिसड्डी हो गया। नवंबर अंत तक यहां के 42.8 प्रतिशत शिक्षक ही ई-अटेंडेंस लगा रहे थे। सख्ती के बाद 5 दिसंबर तो यह आंकड़ा बढ़कर 50.91 प्रतिशत हो गया। हालांकि यह आंकड़ा भी संभाग के 7 जिलों में सबसे कम है।

### सीख: 9539 अतिथि, 94% लगा रहे ई-अटेंडेंस, इन्हेंकोई परेशानी नहीं

ई-अटेंडेंस को लेकर अतिथि शिक्षक काफी अवेयर है। संभाग के कुल 7 जिलों में कार्यरत 9539 अतिथि है। इनमें से 94% से भी ज्यादा अतिथि शिक्षक ई-अटेंडेंस लगाते है। इसी के आधार पर इन्हें मानदेय का भुगतान होता है। इन्हें न तो नेटवर्क की दिक्कत आती है और न ही लोकेशन आदि की।

### अल्टीमेटम देने के बाद दे रहे वेतन

कई बार समझाइश के बाद भी आधे से ज्यादा शिक्षक व संस्था प्रधान ई-अटेंडेंस नहीं लगा रहे है। इन सभी को नोटिस जारी कर दिया है। जिन 2133 ने अब तक एक बार भी मोबाइल से अटेंडेंस नहीं लगाई। उनकी वेतन होल्ड की थी। अब फाइनल अल्टीमेटम के साथ वेतन रिलीज कर रहे है।

**-महेंद्र खत्री, प्रभारी डीईओ उज्जैन**

### थोड़ी सख्ती के बाद सुधार होने लगा

ई-अटेंडेंस को लेकर लगातार निर्देश जारी हो रहे है। जिला स्तरों से अब थोड़ी सख्ती शुरू होने से इसमें सुधार होने लगा है। सबसे ज्यादा रतलाम जिले में तेजी से ई-अटेंडेंश का आंकड़ा बढ़ा है। संभाग में उज्जैन सबसे पीछे चल रहा है। इसमें सुधार के लिए भी प्रयास चल रहे है। नोटिस के बाद एप का उपयोग नहीं करने वाले 147 संस्था प्रधानों की संख्या भी अब घटकर 24 ही बची है।

**-रमा नाहटे, प्रभारी संयुक्त संचालक संभाग उज्जैन**

# ग्राउंड स्टाफ की तैयारी नहीं, परेशान हुए यात्री

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे देश मे इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने से एअरपोर्ट पर यात्री परेशान होते रहे। लगभग 1000 उडाने रद्द हो जाने से देश के विभिन्न एअर पोर्ट पर हाहाकार मचा हुआ है। प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर व भोपाल एअरपोर्ट पर इंडिगो की लगभग 65 उडानें रद्द हुईं और यात्री एअरपोर्ट पर परेशान होते रहे। इस सबके बीच न तो शौचालय स्वच्छ रह पाए और न ही प्रतीक्षालय मे पर्याप्त सुविधाएं रहीं। खचाखच भरे वेटिंग लाउंज मे न तो यात्रियों को पेयजल मिल पा रहा था और न ही खाने का उचित बंदोबस्त था।

**ग्राउंड स्टाफ रहा नाकाम-** फ्लाइट रद्द होने से एअरपोर्ट पर ज्यादा दबाव उत्पन्न हुआ। यकायक पैदा हुए दबाव से ग्राउंड स्टाफ व्यवस्थाएं करने मे नाकाम सिद्ध हुआ। कई यात्रियों को रिशेड्यूल बुकिंग भी नहीं मिल पाई वहीं कुछ लोग रिफंड के लिए भी भटकते रहे।

**सेनेटरी पैड तक न मिले-** प्रदेश के कुछ एअरपोर्ट पर तो सेनेटरी पैड्स तक नहीं थे। मासिक धर्म से पीड़ित महिलाएं पैड्स के लिए परेशान होती रहीं पर उन्हे पैड तक उपलब्ध न हो पाए। एअरपोर्ट सुनसान इलाके मे होने से आसपास नित्य उपयोगी सामग्री की दुकानें भी नहीं होती हैं।

### डीजीसीए को सख्त बनाए जाने की जरूरत

एकाएक इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने से विमानन सेवा की पोल खोल कर रख दी । देश मे डीजीसीए अथार्त ,डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन एक रेगुलेटरी बाडी है जो विमानन सेवा के नियम व मानीटरिंग करती है किन्तु इस रेगुलेटरी बॉडी का औचित्य निष्प्रभावी साबित हुआ जब एयरलाइंस अपने स्वयं के ढंग से सेवाएं देते हुए मनमानी करती हुई यात्रियों के साथ अन्याय करती हैं। इंडिगो के मनमाने रवैये से त्रस्त हवाई यात्रियों का कहना है कि बेहतर हो यदि शासन रूचि लेकर डीजीसीए के नियम सख्त बनाए और ऐसी विकट स्थिति मे विमानन कंपनी के खिलाफ एक्शन ले तभी देश की हवाई सेवाओं मे सुधार होगा।

# जोन कार्यालयों में 13 को नेशनल लोक अदालत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम द्वारा शासन के निदेर्शानुसार 13 दिसंबर को शहर के सभी जोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत लगेगी। इस लोक अदालत में शहर के करदाता अपने बकाया संपत्ति कर और जलकर का भुगतान कर निगम द्वारा दी जा रही विशेष छूट का लाभ उठा सकेंगे। नेशनल लोक अदालत के दौरान संपत्ति कर के उन प्रकरणों में, जिनमें कर एवं अधिभार 50 हजार रुपए तक बकाया है, अधिभार पूरी तरह माफ किया जाएगा। 50 हजार से एक लाख रुपए तक के कराया में अधिभार में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। एक लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जलकर/उपभोक्ता प्रभार से जुड़े मामलों में भी इसी तरह विशेष राहत दी गई है। 10 हजार रुपए तक के बकाया पर अधिभार पूरी तरह माफ रहेगा, जबकि 10 हजार से 50 हजार रुपए तक के बकाया में 75 प्रतिशत और इससे अधिक राशि होने पर 50 प्रतिशत अधिभार माफी की सुविधा मिलेगी। यह छूट केवल एक बार ही दी जाएगी।

# डॉ. पेंढारकर ने इंजीनियरिंग कॉलेज प्रभारी प्राचार्य के रूप में चार्ज लिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**इधर डॉ. श्रीवास्तव को ट्रांसफर पर मिला स्टे**

इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को एक तरफ जहां सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डॉ. उमेश पेंढारकर ने प्रभारी प्राचार्य का चार्ज लिया, वहीं पूर्व प्राचार्य डॉ. जेके श्रीवास्तव को रीवा ट्रांसफर के आदेश पर हाईकोर्ट से स्टे मिल गया।

इंजीनियरिंग कॉलेज में डॉ. पेंढारकर और डॉ. श्रीवास्तव के बीच कुछ महीनों से विवाद चल रहा है। 12 दिनों के भीतर तीसरी बार प्राचार्य बदलने के आदेश जारी हुए। गुरुवार को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने डॉ. पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए। आदेश में उन्हें संस्था प्रमुख एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारी भी घोषित किया गया। इसके बाद शुक्रवार दोपहर डॉ. पेंढारकर ने पदभार ग्रहण कर लिया।

इधर, विभाग ने 23 नवंबर को डॉ. श्रीवास्तव को प्रोफेसर पद पर इंजीनियरिंग कॉलेज, रीवा ट्रांसफर का आदेश जारी किया था, जबकि डॉ. श्रीवास्तव केमिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं और उज्जैन के अलावा प्रदेश के किसी भी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में यह ब्रांच नहीं है।

इसके आधार पर डॉ. श्रीवास्तव ने मप्र हाईकोर्ट, इंदौर में याचिका दायर की थी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च न्यायालय से ट्रांसफर पर स्थगन मिला है। इस स्थिति में डॉ. श्रीवास्तव भी अब उज्जैन कॉलेज में रहकर केमिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कार्य करेंगे।

### एक-दूसरे के खिलाफ जांच और शिकायतों से बढ़ता गया विवाद

- इंजीनियरिंग कॉलेज में पदस्थ रहते हुए डॉ. पेंढारकर और डॉ. श्रीवास्तव के बीच पुरानी अनबन चली आ रही थी। दोनों के बीच का विवाद तब गहराने लगा, जब डॉ. श्रीवास्तव के प्रभारी प्राचार्य रहते हुए उन्होंने डॉ. पेंढारकर के प्राचार्य कार्यकाल में कॉर्पस फंड से बिना स्वीकृति के 1.80 करोड़ रु. के फेस लिफ्टिंग कार्य को लेकर जांच करवाई।
- इसमें वित्तीय अनियमितता और दस्तावेजों को नियम विरुद्ध रखने एवं जांच समिति के समक्ष दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाने के संबंध में एफआईआर के लिए एसपी और नानाखेड़ा थाना प्रभारी को पत्र लिख दिए। इधर, जब डॉ. पेंढारकर प्रभारी प्राचार्य बने तो उन्होंने डॉ. श्रीवास्तव के कार्यकाल में हुई आर्थिक अनियमितताओं की एक छात्र संगठन की शिकायत पर जांच करवाई, जिसमें कमेटी की अनुशंसाओं के आधार पर डॉ. श्रीवास्तव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए विभागीय मुख्यालय को भी पत्र भेजा गया।
- प्राचार्य पद को लेकर दोनों में रस्साकसी भी चलती रही और दोनों न्यायालय तक भी पहुंचे। न्यायालय के निर्णय और याचिका को निरस्त करने के फैसले के बाद डॉ. पेंढारकर प्राचार्य बने और दूसरी बार फिर डॉ. श्रीवास्तव ने प्राचार्य का चार्ज लिया।
- नवंबर में जब डॉ. श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य थे, तब आधी रात को डॉ. पेंढारकर ने कुछ फैकल्टी मेंबर के साथ कॉलेज भवन में प्रवेश किया, जिसको लेकर अगले दिन दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत कर एफआईआर की मांग की।

उज्जैन
शनिवार
06
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

कुलं छलं धनं चैव रुपं यौवनमेव च।
विद्या राज्यं तपश्च एते चाष्टमदाः स्मृताः।।
**अर्थः** कुल, छल, धन, रुप, यौवन, विद्या, अधिकार, और तपस्या ये आठ मद हैं।


## खबर एक नजर...

### मप्र में इंडिगो की 65 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

**इंदौर/भोपाल।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो पिछले 4 दिन से क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। इसके कारण इंदौर-भोपाल, दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट पर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यात्री 24-24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार को इंदौर से जाने वाली 26 उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। वहीं, इंदौर आने वाली इंडिगो की 18 से ज्यादा फ्लाइट भी कैंसिल है। उधर, भोपाल से कुल 18 जबकि जबलपुर से इंडिगो की 6 में से 5 फ्लाइट को निरस्त कर दिया गया है। ट्रैवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि जिन उड़ानों का संचालन हो रहा है, वह पूरी तरह से पैक हैं। आखिरी की खाली सीटें सामान्य की अपेक्षा 4 से 5 गुना तक कीमत पर बेची जा रही हैं। गुरुवार शाम इंदौर से दिल्ली जाने वाली दूसरी उड़ानों में एक टिकट का किराया 36 हजार रुपए तक पहुंचा था। ऐसे में यात्रियों के लिए सफर कर पाना मुश्किल हो गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा को शुक्रवार दोपहर 1:45 पर इंडिगो की फ्लाइट से भोपाल से दिल्ली जाना था। दिल्ली से वे इंडिगो की ही फ्लाइट से देहरादून जाने वाले थे। यहां उन्हें छतरपुर के पूर्व कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होना था लेकिन इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन के चक्कर में दोनों नेता यात्रा नहीं कर पाए।

### 11 माह में 4500 साइबर ठगी, 60 में से महज 14 करोड़ की रिकवरी

**इंदौर।** फरवरी में 84 वर्षीय रिटायर्ड प्रोफेसर के साथ 1 करोड़ 70 लाख 45 हजार की ठगी हुई। साइबर क्रिमनल्स ने वाट्सएप पर ट्रेडिंग एप के जरिए टारगेट किया। निवेश का झांसा देकर 9 अलग-अलग बैंक खातों में 10 बार ट्रांजेक्शन करवाकर ठगी की। इस केस में मुख्य सरगना अब तक हाथ नहीं आया। सिर्फ यही पता चला कि ये बैंक खाते गुजरात, राजस्थान व नोएडा के हैं। इनके खाताधारकों तक ही जांच सिमटकर रह गई। यह अकेला मामला नहीं है। वर्ष 2025 के 11 महीनों में साइबर फ्रॉड की 4500 शिकायतें क्राइम ब्रांच के पास पहुंची हैं। क्राइम ब्रांच का दावा है कि उसने 14 करोड़ से अधिक की राशि शिकायतकताओं को वापस करवाई है, लेकिन ठगी गई राशि कितनी थी, इसका आंकड़ा जारी नहीं किया है, क्योंकि ठगी गई राशि रिकवर की गई राशि से 3 से 4 गुना ज्यादा है। वहीं जिन शिकायतों में ठगी गई राशि को फ्रीज करवाया गया है, उनमें 80 प्रतिशत केस में न तो जांच पूरी हुई है, न गिरोह के मुख्य सरगना तक टीम पहुंच सकी है।

### इंदौर के 28.67 लाख वोटर्स में से 22.85 लाख का डाटा अपलोड, 41 हजार की मौत

**इंदौर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत इंदौर जिले में मतदाता सूची की घर-घर पड़ताल अब अंतिम मोड़ पर है। शुक्रवार दोपहर तक जिले के 28.67 लाख वोटर्स में से 22.85 लाख की मौजूदगी कन्फर्म हो चुकी है। यानी इतने वोटर तो 2003 की सूची से सही हैं और इनका डाटा अपलोड हो चुका है। बचे हुए 5.42 लाख वोटर्स में से 41,111 की मौत हो चुकी है, जबकि 2.03 लाख स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं। सर्वे टीमों को 2.52 लाख मतदाता अब तक मिले ही नहीं। सर्वे में ऐसे करीब 18,500 लोग भी मिले, जो पहले से कहीं और वोटर हैं। 24,718 मतदाताओं के नहीं मिलने का कारण अब भी साफ नहीं है। इधर, कलेक्टर शिवम वर्मा ने सर्वे में लापरवाही बरतने पर 16 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## रथ के साथ झांकियों की तैयारियां, ढोल-बाजों की टीमों ने भी ताल मिलाना शुरू किया

# रणजीत हनुमान मंदिर में चल रही प्रभातफेरी की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर में प्रभातफेरी की तैयारियां जोरों पर है। मंदिर में अलग-अलग कामों की जिम्मेदारी भी अलग-अलग लोगों को दी जा चुकी है। रथ को भी मंदिर परिसर से बाहर निकालकर ग्राउंड में लाया जा चुका है। इसे चलाकर देखा जा रहा है कि इसमें कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। इसके अलावा प्रभातफेरी में शामिल होने वाली झांकियां भी यहां तैयार की जा रही है। साथ ही ढोल ग्रुप के सदस्य भी रोजाना प्रैक्टिस कर रहे है।

बता दें कि प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में 9 दिसंबर से 4 दिवसीय आयोजन की शुरूआत होगी। 12 दिसंबर को मंदिर से सुबह 5 बजे विशाल प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर मंदिर में तैयारियां तेज हो गई है।



मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि प्रभातफेरी के लिए रथ को मंदिर से निकालकर ग्राउंड में खड़ा किया गया है। रथ को चलाकर देखा जा रहा है, ताकि कोई दिक्कत हो तो वहीं ठीक की जा सके। शुक्रवार रात इसे बाहर सड़क पर भी चलाकर ट्रायल किया गया। प्रभातफेरी के रूट की बात करें तो प्रभातफेरी सुबह 5 बजे मंदिर परिसर से शुरू होगी, जो मंदिर से द्रविड़ नगर चौराहा, महू नाका चौराहा से अन्नपूर्णा रोड पर दशहरा मैदान, अन्नपूर्णा मंदिर से वापस टर्न लेकर नरेंद्र तिवारी मार्ग से होते हुए वापस मंदिर परिसर तक पहुंचेगी। जहां यात्रा का समापन होगा। ये करीब 4 किमी का रास्ता रहेगा। प्रभातफेरी को ये पूरा रास्ता तय करने में करीब 7 घंटे का समय लगेगा।

### ग्राउंड में चल रहा झांकियों का निर्माण

बता दे कि इस बार प्रभातफेरी में मंदिर की झांकियां भी शामिल होंगी। जिन्हें बनाने का काम मंदिर के ग्राउंड में किया जा रहा है। दो अलग-अलग झांकियां तैयार की जाएगी। इसे भक्त मंडल के सदस्य ही तैयार करा रहे हैं। पहली झांकी रामायण की थीम पर रहेगी। इसके अलावा दूसरी झांकी में एलईडी लगवाई जाएगी, जिसके माध्यम से मंदिर में चलने वाले सेवा कामों को बताया जाएगा। साथ ही मंदिर में होने विकास कामों को भी बताया जाएगा।

### ढोल ग्रुप के सदस्य कर रहे प्रैक्टिस

प्रभातफेरी में हनुमंत ध्वज पताका ग्रुप के सदस्य ढोल की प्रस्तुतियां देते हुए चलेंगे। इसके लिए ग्रुप द्वारा मंदिर परिसर के ग्राउंड में रोजाना रात में प्रैक्टिस की जा रही है। बड़े-बड़े ढोल के साथ ही अन्य वाद्य यंत्रों के माध्यम से ग्रुप के सदस्य अपनी प्रैक्टिस कर रहे है। इसके अलावा बड़ा रस्सा लेकर प्रभातफेरी में व्यवस्था संभालने वाले भक्त मंडल के सदस्य भी अपनी प्रैक्टिस कर रहे है। बता दें कि इस आयोजन में करीब दो हजार से ज्यादा भक्त मंडल के सदस्य शामिल होकर अपनी सेवाएं देंगे।

# इंदौर में शराब के नशे में ड्राइवर ने बस दौड़ाई

## बाल-बाल बचे लोग, शिकायत पर ट्रैफिक पुलिस ने चौराहे पर रोककर की जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। एक बस का ड्राइवर नशे की हालत में सड़क पर बस दौड़ा रहा था। इस दौरान उसने कुछ गाड़ियों को भी टक्कर मार दी, जिसके बाद एक बाइक सवार ने तुरंत चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस के सूबेदार और जवानों को बस के बारे में बताया। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने चौराहे पर ही बस को रुकवा लिया।

पुलिस ने ड्राइवर को बस से उतारा तो वह नशे की हालत में मिला। पुलिस ने तत्काल उसे पास के थाने भेजा और ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर उसके नशे में होने की पुष्टि हो गई। बता दे कि इंदौर के बड़ा गणपति पर एक ट्रक हादसा हुआ था, जिसमें नशे की हालत में ट्रक ड्राइवर ने कई गाड़ियों और लोगों




की टक्कर मार दी। हादसे में कुछ लोगों की जान भी चली गई थी।

दरअसल, ये मामला शुक्रवार को आईटी पार्क चौराहा का है। शाम करीब 5 बजे बाइक सवार एक युवक ड्यूटी पर तैनात सूबेदार अशोक कुमार भार्गव, एएसआई सुबोध शर्मा, आरक्षक देवी सिंह और संदीप जाट के पास पहुंचा। उसने बताया कि राजरतन ट्रेवल्स की बस का चालक खतरनाक तरीके से बस चला रहा है जो राजीव गांधी चौराहे से आईटी पार्क चौराहे की तरफ आ रहा है। बस ने एक ई-रिक्शा और मेरी बाइक को टक्कर मारी, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। बाइक सवार की शिकायत के बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने तत्काल चौराहे पर घेराबंदी की और जैसे ही बस आई तो उसे चौराहे पर ही रोक लिया।

### ड्राइवर को चेक किया तो नशे मिला, थाने ले गए

सूबेदार अशोक कुमार भार्गव ने बताया कि बाइक सवार युवक शिकायत करके वहां से चला गया। इसके बाद बस के आने पर उसे रोका और ड्राइवर को चेक किया तो वह नशे की हालत में मिला। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उससे बस की चाबी ले ली। हालाकि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के पास ब्रेथ एनालाइजर नहीं था। इस पर पुलिस जवान संदीप जाट उसे बाइक पर बैठाकर भंवरकुआं थाने ले गए। जहां ब्रेथ एनालाइजर से चेक किया गया था यह क्लियर हो गया कि बस का ड्राइवर नशे में है। इस पर पुलिस ने कोर्ट का चालान कर बस को जब्त कर लिया।

# इंदौर में 12 दिसंबर से 3 दिनी जैविक महोत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में जैविक महोत्सव का आयोजन होगा। यह तीन दिवसीय 12, 13 और 14 दिसंबर को जैविक मेला इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कनवाला कुआं में चलेगा।

महोत्सव में जैविक और प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों का सीधा विक्रय और प्रदर्शन किया जाएगा। जिससे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित होगा। यह मेला आत्मा परियोजना, किसान कल्याण व कृषि विभाग और मां रेणुका फूड्स, आनंदम ऑर्गेनिक और शगुन नैचुरल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रयास का उद्देश्य है कि इंदौर स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थता के क्षेत्र में भी देश में अग्रणी बने।


मेला चार आकर्षक भागों में विभाजित रहेगा। मेले का पहला भाग मिलेट्स (श्री अन्न) प्रदर्शनी आधारित होगा। इस प्रदर्शनी में कोदो, कुटकी, कंगनी, रागी, सामा जैसे समृद्ध पोषक तत्वों वाले पारंपरिक अनाज प्रदर्शित किए जाएंगे। नागरिकों को श्री अन्न के महत्व, उपयोग और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इनका विक्रय भी किया जाएगा। मेले का दूसरा भाग तिलहन प्रदर्शनी का होगा। यह तिलहन और स्वास्थ्य का संगम रहेगा। इस खंड में सरसों, तिल्ली, मूंगफली, अलसी, सूरजमुखी जैसे तिलहनों से घानी द्वारा निकाले गए शुद्ध तेल उपलब्ध रहेंगे।

# पाकिस्तान की महिला ने प्रधानमंत्री मोदी से मांगी मदद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पाकिस्तान की एक महिला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्याय की गुहार लगाई है। निकिता नागदेव ने शुक्रवार को पाकिस्तान से वीडियो जारी किया। कहा कि अगर मुझे सरकार से न्याय नहीं मिला तो कोर्ट की शरण लूंगी

निकिता का कहना है कि उसकी शादी 26 जनवरी 2020 को पाकिस्तान में ही हिंदू रीति-रिवाज से विक्रम नागदेव से हुई थी। एक महीने बाद 26 फरवरी 2020 को विक्रम मुझे भारत ले आया। फिर वीजा में



**पति को डिपोर्ट करने की मांग, कहा- उसने भारत में दूसरी शादी कर ली**

तकनीकी प्रॉब्लम बताते हुए 9 जुलाई 2020 को अटारी बार्डर से मुझे वापस कराची भेज दिया। तब से उसने कभी मुझे वापस भारत लाने की कोशिश नहीं की।

निकिता के मुताबिक, मैं बार-बार उसे भारत बुलाने का कहती रही है। इस बीच विक्रम ने दिल्ली की शिवांगी डिंगरा से सगाई कर ली। निकिता ने कहा कि मैंने एक बार शिवांगी से बात की तो उसने इस बात से ही इनकार कर दिया कि वह मेरे पति विक्रम नागदेव को जानती भी नहीं है। निकिता के मुताबिक, मुझे ससुराल में किसी की मदद नहीं मिली। मैं भारत में किसी से मदद मांगने की हालत में भी नहीं थी। कोरोना काल में मेरे पति ने मुझे एक महीने के लिए जबरदस्ती पाकिस्तान भेज दिया और अब आने के लिए परमिट ही नहीं कर रहे हैं। भारत में हर महिला के साथ न्याय होता है। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करती हूं कि इस मामले में विक्रम नागदेव पर कार्रवाई करें और भारत में अवैध रूप से रह रहे मेरे पति विक्रम नागदेव को पाकिस्तान डिपोर्ट करें। जब मेरे पिता ने मेरे पति की गर्लफ्रेंड शिवांगी ढींगरा के पिता से बात की तो उन्होंने जवाब दिया कि यहां तो लड़कियों के अफेयर हो जाते हैं, कैसे रोकें उन्हें। फिर मैंने शिवांगी ढींगरा से बोला कि आप तो सिंगल हैं कहीं भी शादी कर सकती हैं तो उसने कहा कि मैं विक्रम नागदेव को नहीं जानती और मेरे कई बार रिक्वेस्ट करने के बाद भी अब विक्रम-शिवांगी ने सगाई कर ली।

### निकिता बोली- इंसाफ के लिए मेरे साथ खड़े रहें

कराची से जारी वीडियो में निकिता नागदेव ने कहा कि यदि आज मेरे साथ इंसाफ नहीं हुआ तो शादीशुदा महिलाओं का न्याय से विश्वास उठ जाएगा। मेरे जैसी कई लड़कियां ससुराल में शारीरिक शोषण का शिकार होती हैं। मैं वीडियो के जरिए सभी से रिक्वेस्ट कर रही हूं कि मेरे इंसाफ के लिए सब मेरे साथ खड़े रहें।

### ससुराल आई तो पता चला पति का अफेयर चल रहा

निकिता ने कहा- शादी के एक माह बाद पाकिस्तान से भारत ससुराल आई तो कुछ ही दिनों में मेरे ससुराल वालों का बर्ताव ही बदल गया। मुझे यह भी पता चला कि मेरे पति का मेरी ही एक रिश्तेदार से अफेयर है। मैंने जब यह बात अपने ससुर को बताई तो उन्होंने कहा कि बेटा लड़कों के तो अफेयर होते हैं। कुछ नहीं कर सकते।

## खबर एक नजर...

### श्रीमद् भागवत गीता का संदेश जीवन का सार है : डॉ राकेश ढांड

**उज्जैन।** श्रीमद् भागवत गीता जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में त्रिदिवसीय गीता जयंती कार्यक्रम दर्शन, मराठी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

प्रथम दिवस पर श्रीमद् भागवत गीता से संबंधित साहित्य एवं चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थी अजय देवड़ा ने श्रीमद् भागवत गीता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ शैलजा साबले ने मराठी में भागवत गीता पर विचार रखे। द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि डॉ राकेश ढांड एवं प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने श्रीमद् भागवत गीता प्रदर्शिनी का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ राकेश ढांड ने कहा भारतीय ज्ञान परंपरा में श्रीमद् भागवत गीता एक अमूल्य धरोहर है । हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा के नायकों ने भारतीय संस्कृति की परंपराओं को अक्षय रखा है। उन्होंने कहा कि दृश्य एवं दृष्टि का निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। गीता के संदेश जीवन का सार हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि विश्व बंधुत्व की भावना हमें श्रीमद् भागवत गीता सिखाती है। हम सब एक हैं ,यह एकता ही अखंड भारत का निर्माण करती है। स्वागत वक्तव्य देते हुए डॉ शोभा मिश्रा ने श्रीमद् भागवत गीता की आरती को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया।

### आयरन मैन ट्रॉफी के लिए बॉडीबिल्डर फुलाएंगे सीना

**उज्जैन।** राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के तत्वावधान में उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव संस्था एवं आयरन जिम के द्वारा स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह कुशवाह स्मृति में 37वीं जिला स्तरीय आयरन मैन ट्रॉफी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन आज 6 दिसंबर शनिवार पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड एरीना में किया जा रहा है। उक्त खेल आशय की जानकारी प्रदान करते हुए आयोजन समिति के संयोजक एडवोकेट संदीप सिंह कुशवाह एवं पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि इस स्पर्धा में जूनियर, सीनियर, मेन फिजिक और दिव्यांग वर्ग के लगभग 105 शरीर साधक संगीत की धुन पर थिरकते हुए मांसपेशियों का प्रदर्शन करेंगे।

### अकादमी में भी एक दिन बाद बनाई थी रंगोली

# बारिश में कलश यात्रा के दौरान रोड पर रंगोली बनाना दिखाकर किया 53900 रु. का भुगतान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय कालिदास समारोह में शहरवासियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से कलश यात्रा निकाली थी। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर रंगोली बनाने के लिए 53 हजार 900 रुपए का भुगतान कर दिया गया, जबकि कलश यात्रा शुरू होते ही बारिश शुरू हो गई थी। बरसते पानी के बीच ही कलश यात्रा निकाली गई थी।

इस वर्ष 67वां अभा कालिदास समारोह 1 से 7 नवंबर तक अकादमी परिसर में हुआ था। 31 अक्टूबर की सुबह मंगल घट स्थापना के उपलक्ष्य में रामघाट से कलश यात्रा निकाली थी, जो अकादमी पहुंची थी। कलश यात्रा में अलग-अलग क्षेत्रों से कलाकारों को भी आमंत्रित किया था।

साथ ही पूरे कलश यात्रा मार्ग में रंगोली बनाने के लिए भी कलाकारों को आमंत्रित किया था। यात्रा से पहले कलाकारों ने रामघाट के समीप एक रंगोली जरूर बनाई लेकिन जैसे ही रामघाट से कलश यात्रा शुरू हुई, वैसे ही बारिश शुरू हो गई थी। सभी कलाकार एवं यात्रा में शामिल गणमान्य नागरिक भीग गए थे।

कलश यात्रा के टावर आने तक बारिश होती रही थी। ऐसे में पूरे मार्ग में कितनी जगह रंगोली बन पाई होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकर हैरानी होगी कि यात्रा में रंगोली बनाने के लिए संस्कार भारती को 53 हजार 900 रुपए का भुगतान किया गया। 13 नवंबर की तारीख में चेक भी संस्था को दिया गया। कलश यात्रा शुरू होने से पहले रामघाट पर रंगोली बनाई गई थी। पूरे मार्ग में रंगोली बनाने के अलावा अकादमी परिसर में भी रंगोली बनाई जाना थी लेकिन बारिश की वजह से उस दिन अकादमी परिसर में भी रंगोली नहीं बनाई जा सकी। एक दिन बाद यानी 1 नवंबर को अकादमी परिसर में रंगोली बनाई गई थी। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि मप्र शासन के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में कालिदास अकादमी और सम्राट विक्रमादित्य विवि द्वारा अखिल भारतीय कालिदास अकादमी का आयोजन किया जाता है। विवि के ललित कला विभाग में कई विद्यार्थी हैं, जो आकर्षक रंगोली बनाते हैं। यदि आयोजन संस्था के इस विभाग से ही विद्यार्थियों को आमंत्रित कर लिया जाता तो हजारों का खर्च बचाया जा सकता था।



### कालिदास समारोह में नहीं जुट पाई थी भीड़

इस वर्ष हुए 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के लिए 3 करोड़ रुपए का बड़ा बजट स्वीकृत किया गया था। भीड़ जुटाने के लिए तमाम दावे किए गए लेकिन समारोह के शुभारंभ और समापन समारोह में भीड़ नहीं जुट पाई थी और कुर्सियां खाली रह गई थी।

### केवल रंगों को खरीदने के लिए भुगतान किया

कलश यात्रा में रंगोली बनाने के लिए कोई मानदेय नहीं दिया जाता, केवल रंगों को खरीदने के लिए भुगतान किया जाता है। इस बार 50 हजार रुपए के आसपास का भुगतान किया गया है। यह सही है कि इस वर्ष कलश यात्रा के दौरान बारिश हो रही थी। यात्रा में जितनी जगह भी रंगोली बन सकी, वह कलाकारों ने बनाई।

**डॉ. गोविंद गंधे, निदेशक,**

# युवा उद्यमियों का महाकुंभ, 20 दिसंबर को इंदौर में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन, यंग एंटरप्रेन्योर्स समिट, 20 दिसंबर 2025 को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस समिट का उद्देश्य युवा उद्यमियों को प्रेरित करना और उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी और संसाधन प्रदान करना है।

युवा उद्यमियों के फोरम द्वारा समिट के पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर रोशन सिंह ने भाग लिया। उन्होंने उज्जैन के विकास और सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर, जेड ब्लैक के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने समिट के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस समिट में ओयो रूम्स के सीईओ रितेश अग्रवाल और प्रसिद्ध यूट्यूबर राज शमानी जैसे वक्ता भाग लेंगे। समिट का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, युवा उद्यमियों के फोरम के इंदौर सदस्य अधिवक्ता राहुल सेठी, सीए नितिन गरूड और उल्लास वैद्य भी उपस्थित थे। उल्लास वैद्य ने उद्योग लगाने की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जो युवा उद्यमियों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

युवा उद्यमियों के फोरम के उज्जैन अध्यक्ष दिलीप परियानी ने यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह फोरम युवा उद्यमियों को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और एक दूसरे से सीख सकते हैं।

### डॉ. उमेश पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य बनाने के आदेश

# 12 दिन में 3 प्रिंसिपल, अब डॉ. पेंढारकर होंगे प्राचार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंजीनियरिंग कॉलेज में एक तरफ प्रोफेसर्स के बीच विवाद चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ विभाग द्वारा बार-बार प्रिंसिपल भी बदले जा रहे हैं। 12 दिन के भीतर तीसरी बार कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य को बदला है। अब कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. उमेश पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य बनाने के आदेश जारी हुए हैं।

पूर्व प्राचार्य डॉ. जेके श्रीवास्तव और डॉ. पेंढारकर के बीच चल रहे विवाद के चलते पिछले कुछ दिनों से इंजीनियरिंग कॉलेज लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। इनके बीच विवाद तब गहरा गया, जब कुछ फैकल्टी मेंबर के साथ डॉ. पेंढारकर आधी रात को कॉलेज बिल्डिंग में प्रवेश कर गए। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की। इसी बीच प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव को रीवा ट्रांसफर करने के आदेश आ गए। इसके बाद डॉ. सविता मारू को प्रभारी प्राचार्य बनाया लेकिन पांच दिन के भीतर ही फिर से प्रभारी प्राचार्य को बदल दिया गया। गुरुवार को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के उपसचिव राकेश कुशरे की ओर से डॉ. पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य का प्रशासनिक प्रभार सौंपते हुए संस्था प्रमुख और आहरण एवं संवितरण अधिकारी भी घोषित करने के आदेश जारी किए गए। डॉ. पेंढारकर ने बताया वे शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट द्वारा महत्वपूर्ण आदेश में मप्र हाईकोर्ट खंडपीठ इंदौर की डबल बेंच द्वारा दिए गए निर्णय पर रोक लगा दी। जिसके आधार पर अगले ही दिन डॉ. उमेश पेंढारकर ने प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। सुप्रीम कोर्ट ने डॉ. जेके श्रीवास्तव के खिलाफ दायर याचिका को निरस्त करते हुए उनके प्राचार्य पद पर नियुक्ति को नियम सम्मत बताते हुए डॉ. श्रीवास्तव के पक्ष के निर्णय दिया। जिसके परिपालन में 31 अक्टूबर को डॉ. श्रीवास्तव ने प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। 23 नवंबर को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने आदेश जारी कर डॉ. जेके श्रीवास्तव का इंजीनियरिंग कॉलेज, रीवा ट्रांसफर कर दिया। 25 नवंबर को उन्हें रिलीव होने का आदेश भी तकनीकी शिक्षा आयुक्त कार्यालय से जारी किया गया। 30 नवंबर को सिविल इंजीनियरिंग की प्रोफेसर डॉ. सविता मारू को प्रभारी प्राचार्य बनाने का आदेश विभाग ने निकाला। उसी दिन डॉ. मारू ने पदभार ग्रहण किया। 4 दिसंबर को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने डॉ. उमेश पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने के संबंध में आदेश निकाला।

# विश्व मृदा दिवस पर उज्जैन में बहुस्तरीय आयोजन, बताई मिट्टी की अहमियत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

5 दिसंबर 2025 को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर उज्जैन स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मृदा थीम पर विविध चरणों में बहुस्तरीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने कहा कि धरती की त्वचा कही जाने वाली मिट्टी अपने भीतर अनगिनत रहस्य समेटे हुए है। उन्होंने बताया कि एक चम्मच मिट्टी में पृथ्वी के कुल इंसानों से ज्यादा जीव–बैक्टीरिया, कवक और कीड़े पाए जाते हैं। एक इंच मिट्टी बनने में जहां 500 साल लग जाते हैं, वहीं एक इंच मिट्टी खोने में एक मिनट भी नहीं लगता। उन्होंने मिट्टी को प्राकृतिक स्पंज बताते हुए कहा कि यह पानी सोखकर बाढ़ को रोकती है, पानी को फिल्टर करती है, पौधों को आवश्यक खनिज और पोषक तत्व प्रदान करती है जो हमारे भोजन का आधार हैं। साथ ही यह कार्बन डाइऑक्साइड सोखकर जलवायु परिवर्तन से लड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।




इस अवसर पर पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशहरा मैदान उज्जैन, स्कूल ऑफ एग्रिकल्चर अवंतिका विश्वविद्यालय उज्जैन, पं. ज. नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन एवं शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम की मेजबानी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला उज्जैन के सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश पाटीदार, कृषि विकास अधिकारी गोपाल बोयल एवं स्टाफ द्वारा की गई।

विशिष्ट अतिथि के रूप में परियोजना संचालक श्री के. एस. केन, प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता, डॉ. कमलेश गोलानी (हेड, एग्रीकल्चर विभाग, अवंतिका विश्वविद्यालय), शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास, कृषि विज्ञान विभाग के अतिथि विद्वान चंचलेश यदुवंशी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कृषि अध्ययन शाला की अतिथि विद्वान सुश्री शोभा मालवीय तथा पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका सुश्री श्वेता श्रीवास्तव एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के सभी सहायक संचालक कृषि अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम में सम्मिलित सभी छात्रों को सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश पाटीदार द्वारा इस वर्ष की थीम ह्रस्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मृदाह्न के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पीएम श्री स्कूल दशहरा मैदान उज्जैन की छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत मिट्टी का नमूना लेना, उसका परीक्षण तथा लैब की कार्यप्रणाली के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा आए हुए छात्र-छात्राओं को प्रणाम पत्र वितरित किए गए।

## खबर एक नजर...

### क्षत्रिय कीर समाज की आराध्य देवी मां पूरी बाई की 315वीं जयंती 11 दिसंबर को मनाई जाएगी

**उज्जैन।** क्षत्रिय कीर समाज अपनी आराध्य देवी, मेवाड़ की शूरवीर योद्धा क्षत्राणी मां पूरी बाई की 315वीं जन्म जयंती बड़े धूमधाम से दिनांक 11 दिसंबर गुरुवार को देपालपुर में मनाई जाएगी। जिसको लेकर समाज ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के समस्त 22 जिलों सहित विशेष रूप से उज्जैन, इंदौर, धार, रतलाम, शाजापुर, देवास, मंदसौर, नीमच, खरगोन, खंडवा, झाबुआ, बुरहानपुर और हरदा से कीर समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। क्षत्रिय कीर समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज सेवा, एकता और अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है। समाजजन का कहना है कि इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी विरासत, संस्कृति और वीर परंपराओं से परिचित कराने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान समाज के युगपुरुषों की स्मृति को नमन किया जाएगा तथा समाज को संगठित कर उत्थान एवं विकास की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देंगे। कीर समाज सेवा संगठन मध्यप्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस आयोजन में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष तेजुबाबा ने दी।

### संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन में निःशुल्क मॉक इंटरव्यू आयोजित

**उज्जैन।** म०प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक परीक्षा ,2022 में लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों (जिन विषयों के साक्षात्कार शेष है) एवं सहायक प्राध्यापक परीक्षा, 2024 में सभी विषयों में चयनित उम्मीदवारो के लिए कार्यालय शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन में निशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) आयोजित किए जा रहे है। निशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 31 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन सांवेर रोड ,दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे,गांधी नगर ,उज्जैन में स्थित शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन संभाग में जमा कर सकते है।

### दिव्यांगता जागरूकता पर केंद्रित प्रदर्शनी स्पेक्ट्रा-2025 का समापन

**उज्जैन।** म.प्र. विकलांग सहायता समिति द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी स्पेक्ट्रा 2025 का समापन हुआ। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए 26 शिक्षण संस्थाओं से 1800 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित हुए।समिति संचालक फादर जीजो जॉर्ज ने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण बेस्ट आउट आफ वेस्ट थीम के अंतर्गत निर्मित सामग्री, सेंसरी पार्क, डार्क रूम एवं सेंसरी केव (गुफा) थी।विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का भरपूर आनंद उठाया एवं जागरूकता भी प्राप्त की।

# मंगलदीप कालोनी में निर्माणाधीन मकान से रहवासी परेशान, नाली जाम, मच्छरों का प्रकोप

### न नगर निगम सुनने को तैयार न सीएम हेल्प लाईन से हेल्प मिली

### -डेढ वर्ष से जारी है मकान का काम,बेतरतीब काम से रहवासी हैरान परेशान

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

नगर निगम में 15 दिन पूर्व शिकायत होने पर भी न तो कोई देखने वाला है और न ही कोई सुनवाई करने वाला। परेशान रहवासियों ने यह स्थिति देख सीएम हेल्प लाईन पर शिकायत की तो वहां से भी हेल्प मिलना मुश्किल बना हुआ है। निर्माणाधीन मकान की वजह से मंगलदीप कालोनी के रहवासी पिछले डेढ वर्ष से परेशान हो रहे हैं । नाली जाम है और मच्छरों का प्रकोप है।



मंगलदीप कालोनी वार्ड नं.54 में नारायणा स्कूल के पास प्लाट नंबर 6 पर मकान का निर्माण चलते हुए करीब डेढ वर्ष होने को आया है लेकिन मकान अब भी अधूरा है। इस निर्माण में बेतरतीब काम किया जा रहा है। मकान का मटेरियल यहां सार्वजनिक नाली में डाला जा रहा है। कुछ समय तो सार्वजनिक नाली से सिवरेज पानी की निकासी हो सकी लेकिन पिछले कुछ माह से नाली पुरी तरह से जाम हो चुकी है। इसे लेकर नागरिकों ने नगर निगम को 25 नवंबर को शिकायत की और कार्यवाई की मांग करते हुए सफाई किए जाने का आग्रह किया गया। इस पर कोई सुनवाई करने नहीं पहुंचा न ही किसी ने शिकायतकताओं से संपर्क किया।

#### हेल्प लाईन से भी कोई हेल्प नहीं-

क्षेत्रीय नागरिक संतोष जोशी बताते हैं कि पिछले डेढ साल में एक बार भी निर्माणाधीन मकान मालिक नहीं आया। यहां ठेकेदार आता है उसे कई बार शिकायत दर्ज करवाने पर वह आश्वासन देता है नाली जाम बरकरार है। नगर निगम में सुनवाई नहीं होने पर 30 नवंबर,3 दिसंबर,5 दिसंबर को सीएम हेल्प लाईन पर इस मामले की शिकायत उन्होंने एवं एक अन्य रहवासी श्री पंचोली ने करते हुए मदद की गुहार करते हुए निराकरण की मांग की थी। पिछले 6 दिनों में भी इस मामले में किसी जिम्मेदार अधिकारी ने संपर्क तक करना वाजिब नहीं समझा है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग अपराजित योद्धा सम्मान

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

गत दिनों विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय में दिव्यांग अपराजित योद्धा सम्मान संवाद प्रसंग आयोजित किया गया। इस अवसर पर विक्रम विश्व विद्यालय के कुल गुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अपने शुभकामना संदेश में संस्थान के इस सामयिक नवाचार परिसंवाद आयोजन को अपराजित योद्धाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के नवाचार की सराहना की। उन्होंने सामुदायिक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स से जोड़ते हुए संबंधित पहलुओं पर भी प्रकाश उल्लेखित किया। वर्ष 2025 की थीम सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांग-सम्मिलित समाजों का निर्माण इस



मूलभूत संदेश को रेखांकित करती है कि दिव्यांगजन की समावेशिता के बिना कोई भी समाज वास्तविक विकास हासिल नहीं कर सकता। पंडित जवाहरलाल नेहरु व्यवसाय प्रबंध संस्थान विक्रम विवि उज्जैन के आयोजन में विश्व विकलांग दिवस पर सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन प्रेरणा से उपाधि शाखा में कार्यरत समर्पित सहयोगी अपराजित योद्धा श्री सुधीर चतुर्वेदी का शाल एवं श्रीफल, अंगवस्त्रम भेंट कर उनकी अथक अपराजित सेवाओं के लिए अभिनंदन किया गया।

इस सामुदायिक आईडीपीडी अंतर्राष्ट्रीय दिवस की अध्यक्षता प्रो. दीपक गुप्ता अध्यक्ष प्रबंध अध्ययन मंडल उज्जैन ने की। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि अपराजित योद्धाओं कर्मचारियों को सबसे अनोखे तरीके से जीवन कौशल चुनौतियों का सामना करने का अवसर मिलता हैं। प्रो. धर्मेंद्र मेहता निदेशक पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान ने बताया कि दृढ़ इच्छा शक्ति ही बाधाओं को दूर करने में सक्षम होती है। इस अवसर पर निदेशक प्रो.डीडी बेदिया आईक्यूएसी सेल द्वारा भी शुभकामना संदेश दिया गया। निदेशक प्रोफेसर मेहता ने 2025 में इस अपराजित योद्धा सशक्तिकरण आयोजन की पृष्ठभूमि और अवधारणा पत्र प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी कार्यालय से श्री मनीष योगी, सहायक ई गवर्नेंस प्रबंधक एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री रामकुमार शर्मा, हेमंत राठौर, विक्रम ललावत जेएनआईबीएम शोधार्थी श्री अजय जायसवाल, अंकित सिंह बिसेन, वसीम खान ने भी अपने विचार साझा किए।

### उज्जैन जिले में अब तक 1,02,731 मै.टन खाद का वितरण किया गया

**उज्जैन।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी कि उज्जैन जिले में विगत 01 अक्टूबर से आज दिनांक तक 1,02,731 मै.टन खाद का वितरण हो चुका है। इसमें यूरिया 46,465 मै.टन, डीएपी 12,069 मै.टन और एनपीके 16,471 मैं.टन , एसएसपी 26,221 मै.टन और एमओपी 1,505 मै.टन है।

वर्तमान में जिले में यूरिया की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 3,145 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 611 मै.टन है।इसी प्रकार डीएपी की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 1,051 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 348 मै.टन है। एनपीके की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 2,389 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 2,164 मै.टन है।

# सिंहस्थ महापर्व में आवागमन की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली गई

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

शुक्रवार को मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के मद्देनजर यातायात और आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा एवं यातायात पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में शहर में प्रवेश के मुख्य मार्गों के बारे में जानकारी दी गई कि प्रवेश के लिए मुख्य मार्ग इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मार्ग, उन्हेल-नागदा मार्ग, बड़नगर मार्ग और चिंतामण जवासिया मार्ग है।

सिंहस्थ 2028 के दौरान शाही स्नान/पर्व स्नान के दौरान यातायात मार्ग की प्रस्तावित व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। इसमें इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मालवा मार्ग, बड़नगर मार्ग, चिंतामण मार्ग में सार्वजनिक वाहन तथा निजी वाहनों के प्रवेश, पार्किंग व्यवस्था और वापसी की व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए मेन पॉवर की अधिक आवश्यकता होगी तथा शहर में प्रवेश में मुख्य मार्गों पर शहर से कुछ दूरी पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। जहां पर निजी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वहां से फिर यात्रियों को लाने, ले जाने के लिए सार्वजनिक बसों का संचालन किया जाएगा। शाही स्नान/ पर्व स्नान पर यातायात की व्यवस्था अलग होगी। सिंहस्थ के सामान्य दिनों में अलग से व्यवस्था करना होगी। इसके लिए विस्तार पूर्वक कार्ययोजना बनाई जाने की आवश्यकता है। सार्वजनिक बसों का संचालन सिंहस्थ मेला लगने के प्रथम दिन से किया जाएगा।

दिव्यांग जन और वृद्ध लोगों के लिए अलग से स्नान की व्यवस्था की जाएंगी। मेला अधिकारी श्री सिंह ने इसके लिए कार्य योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पार्किंग की व्यवस्था के लिए एक एजेंसी निर्धारित की जाएगी। इसके पश्चात इसका क्रियान्वयन किया जाएगा।

# होमगार्ड का स्थापना दिवस आज, बतौर कलेक्टर मुख्य अतिथि शामिल होंगे

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड श्री रोहिताश पाठक ने बताया कि शनिवार 06 दिसंबर को मध्य प्रदेश होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस होमगार्ड लाइन में प्रातः 9:30 बजे से धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा भी शामिल रहेंगें।

कार्यक्रम में आर्म्स एवं सेरेमोनियल ड्रेस से सुसज्जित प्लाटून द्वारा परेड मार्च करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी जाएगी। साथ ही आपदा राहत बचाव ऑपरेशन के तहत डेमोन्स्ट्रेशन / मॉकड्रिल का प्रदर्शन भी किया जाएगा। होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिला उज्जैन के समस्त थाना, चौकियों, गार्डों में पदस्थ होमगार्ड के जवान, आपदा मित्र, सिविल डिफेन्स वॉलेन्टियर्स व अन्य ड्यूटियों में पदस्थ सभी सैनिक हर्षोल्लास से भाग लेंगे।

ज्ञात हो कि 06 दिसम्बर 1947 में होमगार्ड विभाग की स्थापना की गई थी। तभी से यह विभाग अपनी निष्काम सेवाओं के लिए जाना जाता है। वर्तमान में यह संगठन अपनी निष्काम सेवा की भावना के साथ बाढ़ आपदा एवं विपत्तियों में फंसे लोगों की मदद करना तथा जिलों में कानून व्यवस्था की नाजुक घड़ियों में पुलिस के सहयोगी के रूप में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने जैसे अनेकानेक उत्कृष्ट कार्य करता है। विभाग द्वारा विगत उज्जैन महाकुंभ 2016 के समय अत्याधिक कठिन व महत्वपूर्ण ड्यूटी कर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है तथा वर्तमान में आपदा के समय होमगार्ड विभाग जीवन रक्षक के रूप में जाना जाता है।

### बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित

पेटेंट अधिकार एक कानूनी अधिकार है जो किसी आविष्कार पर आविष्कारक को विशेष अधिकार देता है, ताकि वह उस आविष्कार को दूसरों को बनाने, उपयोग करने या बेचने से रोक सके। यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज ने सम्राट विक्रम विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, की विधि अध्ययनशाला में द्बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता द्व विषय पर आयोजित विशिष्ट जागरूकता व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए कहीं। विशेष व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. शरद सालुंके,इंडियन पेटेंट एटर्नी, इंडियन पेटेंट ऑफिस तथा एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न आयामों—पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिजाइन तथा इनके व्यावहारिक महत्व—पर विद्यार्थियों को विस्तृत एवं प्रभावी जानकारी प्रदान की। उन्होंने शोध, नवाचार तथा स्टार्ट-अप संस्कृति में द्धफकी भूमिका और आवश्यकताओं पर भी छात्रों को प्रेरक मार्गदर्शन दिया।

## खबर एक नजर...

### एसआईआर का कार्य जिले की पांच विधानसभाओं में शत प्रतिशत पूर्ण

**उज्जैन।** उप निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश में किया जा रहा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जिले में तेजी से किया जा रहा है। जिले की सात विधानसभाओं में से पांच विधानसभाओं 212-नागदा-खाचरौद, 213-महिदपुर, 214-तराना, 215-घट्टिया, 218-बडनगर में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जिले में अभी तक 95.88 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य हो गया है। 216-उज्जैन उत्तर में 87.13 प्रतिशत, 217- उज्जैन दक्षिण विधानसभा में 87.25 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में 1871 बीएलओ द्वारा 15 लाख 96 हजार 103 कुल मतदाताओं में से 15 लाख 30 हजार 382 मतदाताओं का एसआईआर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

### सीईओ जिला पंचायत द्वारा खाचरौद में निरीक्षण किया गया

**उज्जैन।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा शुक्रवार को खाचरौद के बेरछा क्लस्टर में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर के दौरान उन्हेल में निर्माणरत महाविद्यालय के भवन, घिनौदा में जैविक कृषि फार्म, बुरानाबाद में जवाहर नवोदय विद्यालय तथा आंगनवाडी केंद्र उमरना में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने आंगनवाडी केंद्र के बच्चों से बातचीत की और केंद्र में मिलने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्हेल में निर्माणाधीन महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत खाचरौद श्री गिरिराज शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सिंहस्थ के कार्यो और शिप्रा शुद्धिकरण पर ध्यान दे प्रशासन

उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखाड़ा परिषद महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, दत्त अखाड़ा के गादीपति पीर श्रीमहंत सुंदर पुरी महाराज सहित अन्य संतों ने शिप्रा के हरिहर घाट से लेकर छोटी रपट तक दौरा कर जल का आचमन किया। संतो ने शासन प्रशासन मांग की कि जिस प्रकार से सिंहस्थ 2028 के बड़े निर्माण कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है, उसी प्रकार सिंहस्थ 2028 का मुख्य आकर्षण शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर भी ध्यान दे। संतों ने कहा कि रामघाट पर जो शिप्रा नदी का जल है वह आचमन योग्य नहीं है, ऐसे में अभी से गंभीरता से ध्यान देना होगा।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि सिंहस्थ 2016 से पूर्व रामघाट के कुछ भाग में गाद निकालने का कार्य किया गया था।

### सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय में आयोजित

# सांसद खेल महोत्सव-ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के युवाओं की खेलों के प्रति सहभागिता बढ़ती है

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

मध्यप्रदेश में विभिन्न खेल और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए, कई पहल की जा रही हैं। इस कड़ी में सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाने का अहम कार्य करेगा। ऐसे आयोजन से क्षेत्र के युवाओं की खेलों में रुचि और सहभागिता बढ़ती है।

यह बात विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय में आयोजित बड़नगर विधानसभा क्षेत्र युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव 2025 कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को अतिथि पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कान्हासिंह राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन हरिकिशन मेलवाणी ने संबोधित किया। खेल महोत्सव अंतर्गत पारंपरिक खेल जिसमें रस्साकशी, लाठी, सतोलिया एवं मदर गेम जिसमें कबड्डी, कुश्ती, टेनिस बॉल क्रिकेट, बैडमिंटन, बॉडी बिल्डिंग आदि प्रतियोगिता के आयोजन हुए। प्रतियोगिता पश्चात विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र प्रदान कर स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उमरावसिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल यादव, मंत्री विजय चौधरी, वर्षा पाटौदी, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़, विजयराज सिंह, इंद्रपाल पंड्या, महेश हारोड़, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या, मांगीलाल मोहरी, दशरथसिंह पंड्या, कृष्णचंद यादव, जनपद सदस्य जुझारसिंह, गणपत डाबी, संजय शर्मा, तेजसिंह राठौर, राजपालसिंह राठौर, उषा सोनी, सोहन सिंह गुर्जर, खेल शिक्षक जेपी यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद अजय दौराया एवं आभार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने माना।



### गीता भवन में 47 वा गीता जयंती महोत्सव संपन्न

**बड़नगर।** गीता भवन न्यास समिति द्वारा शुक्रवार को 47वा गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम अतिथि मनोज संगतानी विधांजलि स्कूल, इन्द्रजीत उपाध्याय, जीतेन्द्र शर्मा, मधु लालावत द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उपाध्यय ने कहा कि श्रीमद् भगवत गीता दैनिक जीवन में जीने की कला हमें प्रदान करती है। गीता को दिनचर्या बनाये अपने जीवन में अपनाये। श्रीमद् भागवत गीता के उपदेशो के वाचन के साथ गीता का सार सुनाया गया साथ ही आयोजन में उपस्थित लगभग 150 बच्चो को गीता के उपदेशो को अपने जीवन में अपनाने के महत्व बताये गए। संगतानी द्वारा जीवन को सुचारू रूप से चलने हेतु गीता हमें मार्गदर्शन प्रदान करते है । संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी द्वारा श्रीमद् भगवत गीता के संकल्पों को अंगीकृत करते इस गीता भवन के उपदेश्यो, कार्यो और चल रही समस्त गतिविधयो से उपस्थित जन को अवगत करवाया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र/छात्राओ को मिठाइयो व पुस्तकों का वितरण किया गया। प्रति दिन संध्या कालीन गीता भवन में श्रीमद भगवन गीता का पाठ करने वाले ट्रस्टी विवेक शास्त्री भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### विश्व मृदा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस के मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र एवं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में किसान भाइयों के साथ साथ स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई ।

कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों के द्वारा मृदा स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया । बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिक मात्रा में प्रयोग करने से भूमि की उर्वरक शक्ति पर विपरित प्रभाव पढ़ते है। किसानों को सलाह दी गई कि मिट्टी परीक्षण कराना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। मिट्टी परीक्षण उपरांत मृदा स्वास्थ्य कार्ड रिपोर्ट की अनुशंसा के आधार पर पोषक तत्वों का प्रबंधन किए जाने , विशेषकर प्राकृतिक खेती के मुख्य घटक जीवामृत , बीजामृत , पांचपत्ती अर्क और मल्चिंग के बारे में बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इनके प्रयोग करने से मिट्टी के स्वास्थ्य को अच्छा बनाये रखने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण एवं रसायन मुक्त उत्पादन लिया जा सकता है ।

# ऑपरेशन हेलो के तहत 69 गुम मोबाइल फोन बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› आलीराजपुर

आलीराजपुर पुलिस की तकनीकी दक्षता और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह द्वारा मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए सायबर सेल आलीराजपुर को गुम मोबाइलों की तलाश हेतु निर्देशित किया गया ।

निर्देशानुसार, सायबर पुलिस टीम ने ‘ऑपरेशन हेलो’ नामक विशेष अभियान की शुरूआत की, जिसके अंतर्गत पूर्व में भी 872 से अधिक गुम मोबाइल सफलतापूर्वक ट्रेस कर आवेदकों को लौटाए जा चुके हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन में, सायबर सेल की टीम द्वारा पुनः तकनीकी विश्लेषण एवं ट्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के कुल 69 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत लगभग 8 लाख 97 हजार रुपये है, बरामद किए गए। बरामद किए गए मोबाईल आज कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से आवेदकों को विधिवत सत्यापन के पश्चात सौंपे गए। मोबाईल प्राप्त कर नागरिकों ने पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस सेवा को सराहनीय बताया। इस सफल कार्यवाही में सायबर सेल के निम्न अधिकारियों का विशेष योगदान रहाः प्र.आर. 6 दिलीप चौहान, आर. 105 प्रमोद भयडिया, आर. 42 राहुल तोमर, आर. 465 नागरसिंह सोलांकी, सभी थानो के सायबर मित्र का भी सहयोग रहा

आलीराजपुर पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि मोबाइल फोन गुम हो जाने की स्थिति में तुरंत निकटतम थाना या सायबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्यवाही कर डिवाइस को पुनः प्राप्त किया जा सके।



### जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रों के निराकरण के लिये इंदौर-उज्जैन संभाग में लगेंगे शिविर

ब्रह्मास्त्र ›› आलीराजपुर

महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा शासकीय सेवकों के जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय जीपीएफ खाते, पार्ट वांट/फुल वांट एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिये इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर आयोजन का सिलसिला 15 दिसम्बर से प्रांरभ होकर 19 दिसम्बर 2025 तक चलेगा।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे के निदेर्शानुसार सामान्य भविष्य निधि के गुमशुदा कटौत्रों तथा सामान्य भविष्य निधि जागरुकता से संबंधित शिविर का आयोजन 15 दिसंबर से 19 दिसम्बर 2025 तक कलेक्टर कार्यालय, प्रशासनिक संकूल परिसर,मोती तबेला, इंदौर के कक्ष क्रमांक 112 प्रथम तल में किया जायेगा। यह शिविर संभागीय स्तर पर भी आयोजित होंगे। इसलिए कार्य सुविधा की दृष्टि से इंदौर एवं उज्जैन संभाग के अन्य जिला कोषालयों में शिविरों के आयोजन हेतु तिथियां निर्धारित की गई हैं। शिविर इंदौर के साथ ही 15 दिसम्बर को उज्जैन में, 16 दिसम्बर को खण्डवा और आलीराजपुर में, 17 दिसम्बर को बड़वानी और खरगोन में, 18 दिसम्बर को धार और झाबुआ में तथा 19 दिसम्बर को देवास और बुरहानपुर जिला कोषालय में शिविर आयोजित होंगे।

# 13 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

### बकाया संपत्तिकर जलकर जमा कर अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासन निर्देशानुसार 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम के समस्त झोन कार्यालयों में किया जाएगा। जिसमें करदाता अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करा कर दी जा रही विशेष छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं

आयुक्त नगर निगम द्वारा आम करदाताओं की सुविधा के लिये समस्त झोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत अन्तर्गत सम्पत्ति कर जमा कराए जाने के क्रम में विशेष व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं। करदाता संपत्ति कर संबंधित झोन कार्यालय में एवं जलकर चामुंडा माता चौराहे पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय मे जमा करा सकेंगे

नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक तथा एक लाख रुपये तक है उनमें 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि 01 लाख रुपये से अधिक बकाया है उसमें अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी

जल कर/उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ऐसे प्रकरण, जिसमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है जिसमें अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, ऐसे प्रकरण जिनमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया है उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी

महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, राजस्व विभाग प्रभारी श्री रजत मेहता एवं जलकार्य एवं सीवरेज प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा ने शहर के सम्मानीय करदाताओं से अपील की है कि ऐसे करदाता जिन्होंने अभी तक अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा नहीं कराया है वे नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करते हुए अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा कर कर शहर विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दें।

### आजीविका स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद सावित्री दीदी के जीवन में नई शुरूआत हुई

**उज्जैन।** उज्जैन जिले के तराना विकास खंड के नादिड गांव की सावित्री बाई के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। आजीविका स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनका पूरा जीवन ही बदल गया। समूह से जुड कर छोटी-छोटी बचत, छोटा निवेश किया। साथ ही समय समय पर आजीविका मिशन से विभिन्न विषयों पर प्राप्त प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। ग्राम नादिड में पूर्व में किराना दुकान उपलब्ध नहीं थी। किराने का सामान क्रय करने के लिए ग्रामीणों को माकडोन जाना पड़ता था। अच्छी किराना दुकान उपलब्ध होने से ग्रामीण सावित्री बाई की किराना दुकान से उचित दाम में सामान क्रय करते हैं।

# नाबालिग छात्रा का अश्लील विडियों बनाकर मांगी फिरौती, दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

जिले के शामगढ़ में एक नाबालिक छात्रा का अश्लील विडियों बनाकर आरोपियों ने धमकी देते हुए नाबालिका से 5 लाख रू. मांगे तथा 2 लाख लेने के बाद भी आरोपियों ने गुरूवार को विडियों वायरल कर दिया। घटना सामने आने के बाद शामगढ़ में तनाव हो गया। विरोध के चलते शुक्रवार को पूरा शामगढ़ बंद रहा। हिन्दू संगठनों एवं आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर सब्जी मण्डी चौराहा पर चक्काजाम किया तथा आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करने व उनके मकान तोड़ने की मांग की।



प्रदर्शनकारियों ने रोड़ पर बैठकर इस दौरान हनुमान चालिसा का पाठ भी किया।

प्राप्त जानकारी अनुसार शामगढ़ के निवासी रिहान अब्बासी और बाबू शाह पर आरोप है कि उन्होंने नाबालिग लड़की को चाकू की नोक पर डराकर अश्लील वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया। वीडियो बनाने के बाद उन्होंने इसे वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के परिवार से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी। परिवार ने डरकर पहले 2 लाख रुपए नकद दे दिए थे, लेकिन पूरी रकम नहीं मिलने पर आरोपियों ने गुरुवार शाम सोशल मीडिया पर वीडियो डाल दिए।

वीडियो वायरल होने की खबर फैलते ही गुरुवार रात सैकड़ों लोगों ने शामगढ़ थाने का घेराव कर दिया और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। शुक्रवार को यह जनाक्रोश और बढ़ गया, जिसके चलते हिंदू संगठनों के सक्रिय होने के बाद एहतियात के तौर पर पूरे शामगढ़ नगर को बंद कर दिया गया है।

एसडीओपी दिनेश प्रजापति, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नगर परिषद ने आरोपियों के मकान पर लगे अवैध नल कनेक्शन काट दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर पास्को एक्ट, आईटी एक्ट सहित ११ धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। तथा उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## रतलाम के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



महिला बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एन्ड एडवांस्ड स्टडीज, रतलाम के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, ममता (यूनिसेफ समर्थित) के सुनील सेन द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बाल विवाह पर उन्मुखीकरण किया गया है तथा बाल विवाह होने पर मिलने वाली सजा के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर चर्चा करते हुए बताया कि बाल विवाह समाज में फैला हुआ ऐसा अपराध है, जो बालिकाओं और बालकों के जीवन में विकास को अवरूद्ध करता है, उनके शैक्षणिक, मानसिक और शारीरिक विकास मे बाल विवाह रोड़ा बनते है, और उनके बाल अधिकारों का हनन करते है। बाल विवाह मे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होने वाले सभी लोगो को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत सजा का प्रावधान है।

वन स्टाप सेन्टर, रतलाम की काउन्सलर सुश्री रिया गुर्जर ने वन स्टाप सेन्टर के कार्यो, महिला हिंसा एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी प्रदान की। साथ ही यह बताया कि, किशोरों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को समझना और उसका उचित समाधान करना आवश्यक है। उन्होनें बाल विवाह में होने वाली घरेलू हिंसा, मानसीक उत्प्रीड? से ग्रसित महिलाओं की जानकारी या शिकायत हेतु हेल्प लाईन नम्बर 181 दिया।

इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अमित शर्मा, प्रो. कपिल केरोल, प्रो. यक्षेन्द्र हरोड़, प्रो. मृदुला उपाध्याय, प्रो. अल्का उपाध्याय, प्रो. मिताली पुरोहित, प्रो. गरिमा मिश्रा, प्रो. निर्मल जाधव, प्रो. संजय धाकड़ तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

## मादक पदार्थ तस्करी में फरार आरोपी को रतनगढ पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

मदक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे फरार आरोपियो की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच अंकित जायसवाल के निर्देशन में नवलसिंह सिसोदिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच, रोहित राठौर, अनु. अधिकारी पुलिस जावद के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रतनगढ़ श्री मनोज सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना रतनगढ़ पुलिस को फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता। थाना रतनगढ़ के अपराध एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी मुन्नालाल पिता रामप्रसाद भील उम्र 25 साल निवासी जनकपुर तह. जावद जिला नीमच का लगातार फरार चल रहा था, श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में फरार चले रहे आरोपियो की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। फरार आरोपियो की तलाश हेतु लगातर प्रयास कर मुखबीर तंत्र सक्रिय कया जाकर पुलिस थाना रतनगढ द्वारा फरार आरोपी मुन्नालाल भील को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया जा रहा है उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक मनोज सिंह जादौन थाना प्रभारी रतनगढ व पुलिस चौकी डीकेन की उल्लेखनीय व सराहनीय भूमिका रही ।

## मृदा दिवस पर निकली जागरूकता रैली




ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस स्वस्थ मृदा स्वस्थ नगर की थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. इंदर सिंह तोमर के नेतृत्व में प्रातः मृदा स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, वैज्ञानिक, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अनुशासित रैली में विद्यार्थियों ने मृदा संरक्षण संबंधित संदेशो को बोर्ड व बैनर के द्वारा प्रदर्शित किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने आम जनता में मृदा के प्रति जागरूकता फैलाने वाले कई नारे भी लगाए। मृदा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ के अंतर्गत मृदा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य -चुनौतियां एवं समाधान विषय पर संवाद एवं संगोष्ठी सत्र का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डॉ देवेंद्र कुमार इनवाती, डॉ. रोशन गिलानी, डॉ. सत्येंद्र सिंह कुशवाह, डॉ एच पी सिंह और डॉ शरद कुमार चौधरी ने अपने विचार रखें। संवाद एवं संगोष्ठी सत्र में एकीकृत पोषण प्रबंधन ,फसल अवशेष को जलाने के स्थान पर उनका उपयोगी प्रबंधन करना, फसल चक्र अपनाना, समय-समय पर मिट्टी परीक्षण करवाना जैसे विषय प्रमुखता से सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने माटी हमारी पूजा माटी हमें है वंदन गीत की सुंदर प्रस्तुति दी।

## रतलाम पुलिस द्वारा बैंकों में पहुंचकर सुरक्षा मापदंड की जांच की

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

एसपी अमित कुमार के निर्देशन पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित बैंक, एटीएम की सुरक्षा के दृष्टिगत बैंक शाखा एवं एटीएम की पर पुलिस टीम द्वारा पहुंचकर सुरक्षा माप दंड की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधन से सीसीटीवी कैमरे की जानकारी सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग की जानकारी प्राप्त की गई, सुरक्षा गार्ड के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा बैंक में अलार्म सिस्टम चालू हैं या नहीं इसकी जानकारी भी पुलिस ने ली।



सुरक्षा गार्ड को क्राइम होने पर तत्काल नजदीकी थाने पर कॉल करने की समझाइश दी गई। प्रत्येक दिन बीट अधिकारी द्वारा बैंक या एटीएम की जांच के बाद रजिस्टर में एंट्री करते है। पुलिस अधिकारियों द्वारा रजिस्टर को भी चेक किया। पुलिस अधिकारियों ने ग्राहकों व बैंक प्रबंधन से संवाद कर बैंकिंग फ्रॉड से बचने के तरीकों से अवगत कराया। डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप फ्रॉड आदि फ्रॉड के प्रचलित तरीके से जागरूक किया। ग्राहकों से अपील की कि अपना एटीएम किसी दूसरे के हाथ में न दें। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि बैंक संबंधी कोई भी जानकारी फोन पर पूछे जाने पर न दें और ओटीपी किसी के साथ सांझा न करें। पुलिस ग्राहकों को यह भी समझाया कि फोन पर दिए जाने वाले किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचें।

## जननायक मामा टंट्या भील का 136वां बलिदान दिवस मनाया

मनावर। गुरुवार को इस अवसर पर ग्राम के मुख्य चौराहे पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। यह आयोजन जयस संगठन और ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। जयस संगठन के तहसील संरक्षक सुनील इस्के ने बताया कि प्रतिमा का अनावरण समाज के रीति-रिवाजों के अनुसार विशेष पूजा के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में जनजातीय समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिला पंचायत सदस्य एवं जैव विविधता समिति सभा पति श्री गणेश जर्मन द्वारा टंट्या मामा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ जनजातीय समुदाय को संगठित किया। उन्होंने गुरिल्ला युद्धकला का उपयोग कर गरीबों की मदद के लिए अमीरों से धन लेकर वंचितों का आर्थिक सहयोग किया। इन्हीं कार्यों के कारण उन्हें जनजातीय समुदाय का महानायक माना जाता है और देश में उन्हें 'इंडियन रॉबिनहुड' के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गणेश जर्मन सहित पूरी टीम उपस्थित रही।

## बसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन ग्राम जाजमखेड़ी में होगा

मनावर। अखिल भारतीय सिर्वी महासभा संगठन के तत्वाधान में सातवाँ सामुहिक विवाह ग्राम जाजमखेड़ी में 23 जनवरी 2026 वार शुक्रवार (माद्य शुक्ल पंचमी) को आयोजित किया गया है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए वर वधु जोड़े के पंजीयन की अंतिम तारीख 10 जनवरी 2026 शनिवार (माघ कृष्ण अष्टमी) रखी गई है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय सिरवी महासभा के तहसील मीडिया प्रभारी सोहन लाल काग ने देते हुए स्वजाति बंधुओं से अनुरोध किया कि इच्छुक जोड़े निश्चित तारीख के पूर्व अपना पंजीयन करवाए।

## 'सांसद खेल महोत्सव' के प्रशस्ति पत्र वितरण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया

बुरहानपुर। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुरुवार को स्कूलों में 'सांसद खेल महोत्सव' के प्रशस्ति पत्र वितरण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया ताकि स्कूली छात्र छात्राओं मे खेल प्रतियोगिता भागीदारी बढ़ जाये से जिनमें मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है नेपानगर विधानसभा प्रभारी सुनील वाघे ने बताया यह आयोजन खेल को बढ़ावा देने के लिए है, न कि किसी राजनीतिक प्रचार के लिए। वही सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन सितंबर से दिसंबर 2025 तक देश के विभिन्न हिस्सों में किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा और नागरिक भाग ले रहे हैं। आयोजन का उद्देश्यः इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को खोजना, राष्ट्र के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना और ₹फिट इंडिया₹ आंदोलन को बढ़ावा देना है।इसीलिए विद्यालयों में वितरणः प्रशस्ति पत्रों का वितरण स्कूलों और अन्य आयोजन स्थलों पर किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल जनपद पंचायत सदस्य गोकुल पाटिल अनिल प्रजापतिशिक्षक एकनाथ चौधरी सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिका मौजूद थे।

## दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव शनिवार से मनावर में तैयारियां पूरी

मनावर। दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 6 दिसंबर को मनावर में किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सुबह 10 बजे सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल सेमलदा रोड पर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी।

6 से 7 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के लिए मनावर में तैयारियां पूरी कर ली गई है ।विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएल ठाकुर द्वारा खेल महोत्सव के सफल संचालन के लिए विभिन्न खेल स्थलों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी का संशोधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार 2 दिन के इस खेल महोत्सव में कुल आठ प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा ।

कबड्डी सीनियर वर्ग 17 वर्ष से अधिक आयु बालक/ बालिका एवं खो खो जूनियर वर्ग 14 से 17 वर्ष,,सीनियर 17 वर्ष से अधिक का आयोजन शासकीय महाविद्यालय पर होगा। इसी प्रकार कबड्डी जूनियर वर्ग बालक /बालिका एवं एथलेटिक्स 100 मीटर , 400 मीटर, 800 मीटर सांदीपनी विद्यालय, बैडमिंटन साईं रेसिडेंसी धार रोड एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता विद्योदय महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी ।जिनमें सभी प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं अंक सूची की छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, जिला व मंडल अध्यक्ष , खेल प्रकोष्ठ प्रभारी, शासन प्रशासन के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम, पुलिस प्रशासन स्कूली शिक्षा व जनजाति कार्य विभाग के अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, पीटीआई ,महाविद्यालय प्राचार्य, खेल अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस सहित सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति प्रातः 10 बजे अनिवार्य होगी । कार्यक्रम को लेकर खेलों की समय सारणी, खिलाड़ियों की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा, पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शुभारंभ के बाद प्रतिभागी निर्धारित खेल मैदाने की ओर प्रस्थान करेंगे। समापन ७ दिसंबर को होगा।



# रणवीर सिंह के खिलाफ दूसरी शिकायत दर्ज

## माफी मांगने के बावजूद खत्म नहीं हुआ विवाद, कांतारा की देवी को भूत कहकर मजाक उड़ाया था

रणवीर सिंह फिल्म कांतारा में दिखाई गईं देवी को भूत कहकर मजाक उड़ाने से विवादों में घिर गए हैं। हाल ही में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी, जिसमें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे जाने की भी मांग हुई थी। एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए माफी भी मांगी थी, हालांकि इसके बावजूद उनके खिलाफ दूसरी शिकायत दर्ज हो गई है। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट के वकील प्रशांत मेथल ने बैंगलोर के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में रणवीर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में लिखा है कि रणवीर सिंह ने पूजनीय गुलिगा दैव का मजाक बनाया और उन्हें अपमानजनक और मजाकिया ढंग से पेश किया, जिससे हिंदुओं और खासकर तुलु समुदाय से जुड़े लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

एडवोकेट प्रशांत मेथल ने शिकायत में ये भी लिखा है कि रणवीर ने दैव को भूत कहा और जानबूझकर अपमान किया। उन्होंने शिकायत दर्ज करवाते हुए मांग की है कि एक्टर के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैंगलोर में दर्ज हुई इस शिकायत से पहले भी रणवीर सिंह के खिलाफ पणजी में शिकायत दर्ज हो चुकी है। 2 दिसंबर को हिंदू जनजागृति समिति ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में रणवीर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने कानूनी कार्यवाही के साथ माफी की भी मांग की थी, जिसके बाद एक्टर ने सार्वजनिक तौर पर माफीनामा जारी किया था। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है- मेरा इरादा फिल्म (कांतारा) में ऋषभ की शानदार परफॉर्मेंस को उजागर करने का था।

### एअर इंडिया पर भड़कीं सितार वादक रविशंकर की बेटी

# सफर के बाद अनुष्का को थमाया टूटा हुआ सितार, दावा- जानबूझ कर तोड़ा



पॉपुलर सितारवादक रविशंकर की बेटी अनुष्का शंकर, एअर इंडिया पर भड़क गई हैं। वो खुद भी एक सितार वादक हैं। हाल ही में अनुष्का ने एअर इंडिया में सफर किया था, लेकिन लैंड होते ही उन्हें टूटा हुआ सितार थमा दिया गया, जबकि सफर से पहले उनका सितार बिल्कुल ठीक था। अब टूटे हुए सितार की हालत दिखाते हुए अनुष्का ने एअर इंडिया पर जमकर गुस्सा निकाला है।

अनुष्का शंकर ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम से बुरी तरह टूटे हुए सितार का वीडियो शेयर कर लिखा है- एअर इंडिया ने मेरे सितार के साथ जिस तरह बर्ताव किया है, उससे बहुत परेशान और टूटी हुई हूं। ऐसा नुकसान जानबूझ कर किए गए नुकसान के बिना दुनिया में कैसे मुमकिन है। ये और ज्यादा दुखद है, क्योंकि मैंने लंबे समय बाद एअर इंडिया में सफर किया था और ऐसा लगता है कि इंडियन इंट्रूमेंट भी उनके साथ सुरक्षित नहीं रह सकता, जबकि दूसरे एयरलाइन्स पर हजारों उड़ानों में मेरा एक पेग (तार कसने वाली कुंडी) भी आउट ऑफ ट्यून नहीं गया। शेयर किए गए वीडियो में अनुष्का कह रही हैं, 'सबसे पहले मैंने अपने सितार को ऊपर से देखा, तो मुझे ये आउट ऑफ ट्यून लगा। मैंने इसे ट्यून करने के बाद उठाया और बजाने की कोशिश की, तब मुझे एहसास हुआ। ये मैं लंबे समय बाद एअर इंडिया में सफर कर रही थी। आप वो देश हैं, जहां से ये म्यूजिक (सितार) बना है और ये पहली बार है, जब 15-17 सालों में मेरे साथ ऐसा कुछ हुआ है।' आगे अनुष्का ने कहा, 'आपने ये कैसे किया, मेरे पास इसका स्पेशल केस है, आप हैंडलिंग चार्ज लेते हैं, इसके बावजूद आपने ये किया।' अनुष्का की पोस्ट सामने आने के बाद जाकिर खान, विद्या, पपॉन समेत कई सेलेब्स एअर इंडिया की कड़ी निंदा कर रहे हैं।





# बहन की शादी में भोजपुरी गाने पर नाचे कार्तिक आर्यन

## पवन सिंह के हिट गाने लॉलीपॉप लागेलू पर जमकर लगाए ठुमके, वीडियो वायरल

कार्तिक आर्यन की बहन कृतिका तिवारी 4 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधी हैं। एक्टर के होमटाउन ग्वालियर में हुई इस शादी की कई फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

एक्टर ने बहन की शादी में भाई का फर्ज निभा के साथ ही दमदार परफॉर्मेंस भी दिया है। उनका एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वो संगीत नाइट में भोजपुरी स्टार पवन सिंह के सुपरहिट गाने 'लॉलीपॉप लागेलू' पर डांस करते नजर आ रहे हैं।


एक्टर के इस एनर्जेटिक डांस का वीडियो इंस्टाग्राम पर एक फैन क्लब ने शेयर किया है। अब फैंस कार्तिक की परफॉर्मेंस पर कमेंट के जरिए प्यार लुटा रहे हैं। उनका कहना है कि शादी किसकी भी हो बिना इस गाने की वाइब नहीं आती है। बता दें कि कार्तिक की बहन कृतिका डॉक्टर हैं और उन्हें पायलट तेजस्वी सिंह से शादी की है। ब्राइडल एंट्री का भी वीडियो सामने आया है, जिसमें कार्तिक और उनके कजन कृतिका को मंडप की तरफ ले जाते दिख रहे हैं। इस दौरान एक्टर की फिल्म का ही गाना 'तेरे यार हूं मैं' बज रहा है, जिस पर वो बहन के साथ डांस भी कर रहे हैं। इससे पहले, कार्तिक ने हल्दी समारोह का एक दिल छू लेने वाला वीडियो ऑनलाइन पोस्ट किया था, जो उनके फैंस को बहुत पसंद आया था। वे स्टेज पर बहन के साथ डांस करते, परिवार के साथ मस्ती करते और फूलों की बारिश करते नजर आए थे।

# फिल्म रिव्यू - 'धुरंधर': रणवीर सिंह की शानदार परफॉर्मेंस

## फिल्म में थ्रिलर एक्शन-देशभक्ति, जानिए कैसी है मूवी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। डायरेक्टर आदित्य धर की यह फिल्म रिलीज के साथ ही दर्शकों और पहले शो देखने वालों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। फिल्म की खासियत यह है कि यह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है, बल्कि जासूसी, थ्रिलर और खतरनाक मिशनों की कहानी है, जिसमें हर सीन रोमांच और सस्पेंस से भरा है।

धुरंधर को जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनाया गया है, जिसमें ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर निमार्ता हैं। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी मुख्य भूमिकाओं में हैं।




**फिल्म की कहानी**: फिल्म की कहानी 1999 में हुए आईसी-814 विमान अपहरण और 2001 के भारतीय संसद हमले की पृष्ठभूमि से प्रेरित है। कहानी की शुरूआत भारतीय खुफिया एजेंसी के प्रमुख अजय सान्याल (आर माधवन) से होती है, जो पाकिस्तान में चल रहे आतंकवाद और अंडरवर्ल्ड नेटवर्क को खत्म करने की योजना बनाते हैं। इसके लिए उन्हें एक ऐसे युवक की आवश्यकता होती है, जिसकी कोई पहचान न हो और जो किसी अपराध में फंसा हुआ हो। उनकी तलाश पंजाब के 20 साल के हमजा (रणवीर सिंह) तक पहुंचती है, जो जेल में बंद है। हमजा को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है और मिशन के लिए पाकिस्तान भेजा जाता है।

पाकिस्तान में हमजा का सामना ल्यारी के खतरनाक अंडरवर्ल्ड से होता है, जहां उसे गैंगस्टर रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) और कराची के एसपी चौधरी असलम (संजय दत्त) जैसे खतरनाक लोगों से निपटना पड़ता है। फिल्म का पहला भाग गैंगस्टर दुनिया, अपराध और हिंसा को दशार्ता है, जबकि फिल्म का दूसरा पार्ट जासूसी, धोखे और षड्यंत्र से भरा है। कहानी दर्शकों को अंत तक उत्सुक बनाए रखती है कि क्या हमजा अपने मिशन में सफल होता है और कैसे वह अंडरवर्ल्ड का सफाया करता है।

- **फिल्म में अभिनय** : रणवीर सिंह हमजा के किरदार में पूरी तरह फिट बैठते हैं। उनका लुक, बॉडी लैंग्वेज और एक्शन एनर्जी दर्शकों को पूरी फिल्म में बांधे रखती है। कई सीन्स में उनका दमदार प्रदर्शन फिल्म का आकर्षण बनता है। अक्षय खन्ना विलेन के रूप में खतरनाक और प्रभावशाली हैं। उनके हर संवाद और एंट्री में जोश और डर दोनों महसूस होते हैं। संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन की उपस्थिति और अभिनय फिल्म की कहानी को विश्वसनीय बनाते हैं। सारा अर्जुन छोटे स्क्रीन टाइम के बावजूद उन्होंने अपने किरदार में स्वाभाविकता और भावनात्मक पहलू जोड़ा, जो फिल्म के गंभीर हिस्सों को और असरदार बनाता है।
- **फिल्म में निर्देशन और तकनीक** : निर्देशक आदित्य धर ने फिल्म को बड़े पैमाने पर और यथार्थ के करीब पेश किया है। सेट डिजाइन, लोकेशन और विजुअल्स भारतीय एक्शन फिल्मों से अलग और प्रभावशाली हैं। फिल्म की लंबाई लगभग 3 घंटे 16 मिनट है, लेकिन कथानक, साजिश और एक्शन इसे पूरे समय बांधे रखते हैं। स्क्रीनप्ले और गति में कुछ छोटी गलतियां हैं, लेकिन कुल मिलाकर फिल्म एक रोमांचक और बड़े पर्दे पर देखने लायक अनुभव देती है।
- **फिल्म में संगीत और गाने** : फिल्म के संगीत और बैकग्राउंड स्कोर ने भी फिल्म के एक्शन और थ्रिल को और मजबूत किया है। कुछ गाने पहले ही वायरल हो चुके हैं और दर्शकों के बीच पसंद किए जा रहे हैं:
- जोगी - टाइटल ट्रैक, रैप और पंजाबी बीट्स के साथ, फिल्म के जासूसी एक्शन टोन को सेट करता है। हाई ऑक्टेन सॉन्ग, जो फिल्म के हिंसक हिस्सों के लिए उपयुक्त है। गहरा हुआ- रोमांटिक गीत, जो कहानी में मानवीय और भावनात्मक पहलू जोड़ता है। इन गानों और बैकग्राउंड स्कोर ने फिल्म के एक्शन, इमोशन और थ्रिल को और प्रभावी बनाया है। फिल्म में संजय दत्त ने एसपी चौधरी असलम की भूमिका निभाई है। फिल्म में संजय दत्त ने एसपी चौधरी असलम की भूमिका निभाई है।
- **फिल्म की कमियां** : फिल्म की लंबाई कुछ दर्शकों को ज्यादा लग सकती है। बीच-बीच में कहानी की गति धीमी महसूस होती है। कुछ किरदारों को और अधिक स्क्रीन टाइम मिल सकता था, जिससे उनकी भूमिका और गहराई बढ़ती।
- **फिल्म को लेकर फाइनल वर्डिक्ट** : अगर आप तेज एक्शन, स्पाई थ्रिलर, धोखे और जासूसी की कहानी पसंद करते हैं, तो धुरंधर आपके लिए सही विकल्प है। रणवीर सिंह और कास्ट का प्रदर्शन, गाने, बैकग्राउंड स्कोर और कहानी इसे देखने लायक बनाते हैं।

## भारत और साउथ अफ्रीका में तीसरा वनडे आज, जीतने वाली टीम सीरीज जीत लेगी

# क्या दूसरी बार शतकों की हैट्रिक लगा पाएंगे कोहली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम



भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच आज विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। भारत और साउथ अफ्रीका की टीम यहां पहली बार वनडे में आमने-सामने होंगी। मैच दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा और टॉस 1:00 बजे होगा।

मौजूदा स्थिति में दोनों टीमें 1-1 से बराबर हैं। टीम इंडिया को टेस्ट में क्लीन स्वीप झेलना पड़ा, अब वनडे सीरीज दांव पर है। इसके अलावा, दांव पर है विराट कोहली की शतकों की हैट्रिक। वे 2018 में यह कारनामा कर चुके हैं। अब देखना यह है कि कोहली वनडे में दूसरी बार शतकों की हैट्रिक बना पाते हैं या नहीं। हालांकि, डॉ. र राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में कोहली के आंकड़े कोहली के शतक की संभावनाएं बढ़ा देते हैं।

कोहली इस मैदान पर 97.83 के औसत से बल्लेबाजी करते हैं। विराट ने यहां खेले 7 मैचों में 3 शतक लगाए हैं यानी कि हर दूसरा दूसरे मैच में शतक। कोहली ने यहां 3 शतक और 3 अर्धशतक के सहारे 585 रन बनाए हैं।

कोहली के पास दूसरी बार हैट्रिक सेंचुरी लगाने का मौका विराट कोहली ने रांची और रायपुर में शतक लगाए हैं। अगर वे आज विशाखापट्टनम में शतक लगाते हैं, तो यह दूसरा मौका होगा। जब वे लगातार तीन पारियों में शतक लगाएंगे।

इससे पहले विराट ने 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और पुणे में शतकीय पारियां खेली थीं। अभी तक सिर्फ बाबर आजम ने ही वनडे में दो बार शतकों की हैट्रिक लगा पाए हैं।

**भारतीय टीम के पास 9वीं सीरीज जीतने का चांस-** वनडे क्रिकेट में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 60 मैच खेले गए। 28 में भारत और 31 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली। इस दौरान एक मुकाबला बेनतीजा रहा। सीरीज के मामले में जरूर टीम इंडिया का पलड़ा भारी है। दोनों के बीच अब तक 15 वनडे सीरीज खेली गईं। 6 में साउथ अफ्रीका और 8 में भारत को जीत मिली। 2005 में एक सीरीज ड्रॉ भी रही थी। दोनों ने 2023 में आखिरी वनडे सीरीज खेली थी, जिसे भी भारत ने 2-1 से जीता था।

**हमारी ताकत:** कोहली ने पिछले दो मैचों में शतक लगाए भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली टीम के टॉप रन स्कोरर हैं, उन्होंने दोनों मुकाबलों में शतक लगाकर 237 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर कप्तान केएल राहुल हैं। उन्होंने 126 रन बनाए हैं। वहीं कुलदीप यादव 5 विकेट लेकर टीम के टॉप गेंदबाज हैं।

**चुनौती :** मार्को यानसन अफ्रीका के टॉप विकेट टेकर इस सीरीद में साउथ अफ्रीका के लिए मैथ्यू ब्रीट्जकी ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने पहले दोनों मैचों में अर्धशतक लगाए। वहीं लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर मार्को यानसन ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए है।

**विशाखापट्टनम में चेज करना फायदेमंद-** विशाखापट्टनम की पिच बैटिंग फ्रेंडली मानी जाती है। हालांकि, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले गए पिछले (2023 में) वनडे में बल्लेबाजों का रन बनाना मुश्किल हो गया था। उस मैच में भारतीय टीम 117 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इससे पहले भारत ने 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां मैच खेला था और 350 का आंकड़ा पार किया था।

इस पिच पर तेज गेंदबाजों को शुरूआत में सीम मूवमेंट मिलता है और बाद में स्पिनरों को यहां टर्न भी मिलता है। पिच पर बाउंस ज्यादा नहीं है और यहां दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना हमेशा से अच्छा माना जाता है। इस समय ओस भी पड़ेगी तो टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी। यहां अब तक 10 वनडे खेले गए हैं। इसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 3 और चेज करने वाली टीम ने 6 मैच जीते हैं। जबकि एक मैच टाई रहा।

**मौसम बिल्कुल साफ रहेगा-** विशाखापट्टनम में शनिवार का मौसम बिल्कुल साफ रहेगा। दोपहर में तेज धूप रहेगी। यहां का टेम्परेचर 19 से 28 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। हवा की रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान, विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड, वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा।

**साउथ अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, ऐडन मार्करम , मैथ्यू ब्रीट्जकी, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी।

**मैच कहां देखें?** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला वनडे भारत में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव टेलीकास्ट होगा।

## एशियन लीजेंड्स लीग सीजन-2 की घोषणा

# 19 जनवरी से शुरू होगा, सात टीमें, दो नई टीमें उतरेंगी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एशियन लीजेंड्स लीग का दूसरा सीजन 19 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप ने आधिकारिक घोषणा की। इस बार दो नई टीमों के साथ कुल 7 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट का हिस्सा होंगी और लीग में पहली बार इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होगा।

गल्फ ग्लैडिएटर्स और पाकिस्तान पैंथर्स दो नई टीमें शामिल एशियन लीजेंड्स लीग के क्रिकेट ऑपरेशंस निदेशक संदीप पाटिल ने कहा कि दो नई फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का दायरा और रोमांच दोनों बढ़ेंगे। नई टीमों में गल्फ ग्लैडिएटर्स, जिसमें गल्फ और एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी शामिल होंगे, और पाकिस्तान पैंथर्स शामिल हैं।

आईपीएल की तरह इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू टेक्निकल कमेटी के निदेशक मदन लाल ने कहा कि इस सीजन में आईपीएल की तरह इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू किया जाएगा। उनके अनुसार, चूंकि हमारी लीग में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं, ऐसे में यह नियम लीग की ऊर्जा, संतुलन और गुणवत्ता बनाए रखने में मदद करेगा। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि एशिया के दिग्गजों को एक मंच पर लाने वाला आयोजन है।' लीग के कमिश्नर आकाश चोपड़ा ने कहा कि एशियन लीजेंड्स लीग एशियाई क्रिकेट की गौरवशाली विरासत और भावना का उत्सव है। उन्होंने कहा, सीजन-2 न केवल दिग्गज खिलाड़ियों को फिर से मैदान पर उतारेगा, बल्कि एशिया के युवा क्रिकेटरों को भी प्रेरित करेगा।

# वैभव सूर्यवंशी मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर

## 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर, अभिषेक शर्मा की बराबरी की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया। वे टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। बिहार के वैभव ने अपना तीसरा टी-20 शतक जड़ा, जो इस उम्र में दुनिया के किसी भी खिलाड़ी का पहला ऐसा रिकॉर्ड है।

वैभव ने ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस शतक के साथ सूर्यवंशी ने इस साल भारत की ओर से तीन टी-20 शतक लगाए। इस मामले में वे अभिषेक शर्मा की बराबरी पर पहुंच गए हैं। आयुष म्हात्रे और ईशान किशन के नाम दो-दो शतक हैं।

वैभव का तीसरा टी-20 शतक 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने तीन खराब स्कोर के बाद जोरदार वापसी करते हुए बड़ा शतक जड़ा। बिहार की ओर से खेलते हुए उन्होंने 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए। इस पारी में 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। वैभव की पारी से बिहार ने 176/3 का स्कोर खड़ा किया।

हालांकि वैभव की बेहतरीन पारी भी महाराष्ट्र कप्तान पृथ्वी शॉ की तेज बल्लेबाजी के आगे कम पड़ गई। आईपीएल 2025 में अनसोल्ड रहने के बाद खुद को साबित करने उतरे शॉ ने 30 गेंदों में 66 रन बनाकर चेज को आसान कर दिया। महाराष्ट्र ने मैच 3 विकेट से, 1 ओवर बाकी रहते जीत लिया। बिहार अभी भी जीत के बिना है।

हार्दिक की वापसी, नाबाद 77 रन बनाए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट से उबरकर शानदार वापसी की। एशिया कप फाइनल के बाद पहली बार मैदान पर उतरते हुए उन्होंने पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए और बड़ौदा को जीत दिलाई। हार्दिक ने शिवालिक शर्मा (47)* के साथ तीसरे विकेट के लिए 101 रन की अहम साझेदारी की। शिवालिक को टैक्टिकली रिटायर आउट किया गया ताकि जितेश शर्मा तेजी से रन बना सकें। बड़ौदा को आखिरी 15 गेंदों में 30 रन चाहिए थे और टीम ने सिर्फ 9 गेंदों में मैच खत्म कर दिया। हालांकि, गेंदबाजी में हार्दिक प्रभावी नहीं रहे। उन्होंने 4 ओवर में 52 रन देकर 1 विकेट लिया। पंजाब की ओर से कप्तान अभिषेक शर्मा ने उन पर आक्रामक बल्लेबाजी की और सिर्फ 18 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए।

# जनवरी में श्रीलंका दौरे पर जाएगा पाकिस्तान



## टी-20 वर्ल्ड कप से पहले 3 मुकाबले खेलेगा, आईसीसी टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान टीम श्रीलंका में 3 मुकाबले खेलेगी। आईसीसी टूर्नामेंट की तैयारी को देखते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने यह फैसला लिया। टूर्नामेंट 7 फरवरी से श्रीलंका और भारत में ही होना है। पाकिस्तान ग्रुप स्टेज में अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में ही खेलेगा।

5 दिन में 3 मैच होंगे पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच 7, 9 और 11 जनवरी को दाम्बुला में 3 टी-20 होंगे। दोनों टीमों ने नवंबर में ही पाकिस्तान में टी-20 ट्राई सीरीज भी खेली थी। यहां तीसरी टीम जिम्बाब्वे थी। पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में इकलौती हार श्रीलंका से ही मिली थी, हालांकि टीम ने फाइनल जीतकर हिसाब बराबर कर लिया था। नीदरलैंड से पहला मैच खेलेगा पाकिस्तान श्रीलंका में 3 टी-20 की सीरीज पाकिस्तान के लिए बेहतरीन तैयारी का मौका है। क्योंकि टीम को आईसीसी टूर्नामेंट में अपने सभी मैच श्रीलंका में ही खेलने हैं। उनका पहला मैच नीदरलैंड और दूसरा अमेरिका से होगा। 15 फरवरी को कोलंबो में टीम का सामना भारत से होगा।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल
(इंग्लिश मिडियम )के लिए।
शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit
में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस
लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT:
8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र
बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल:
9425056656
9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## 546 करोड़ लौटाने का आदेश

# वित्तीय इन्फ्लुएंसर अवधूत साठे पर सेबी का प्रतिबंध



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वित्तीय इन्फ्लुएंसर अवधूत साठे पर सेबी ने प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। सेबी ने 546 करोड़ लौटाने का आदेश देते हुए निर्देश दिया है कि वे तुरंत बिना पंजीकरण निवेश सलाह या रिसर्च एनालिस्ट सेवाएं देना बंद करें।

भारत के शेयर बाजार नियामक- सेबी ने वित्तीय इन्फ्लुएंसर अवधूत साठे और उनकी कंपनी अवधूत साठे ट्रेडिंग अकादमी प्राइवेट लिमिटेड (एएसटीएपीएल) को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित करते हुए उन पर 546 करोड़ रुपये की अनुचित कमाई वापस करने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई बिना पंजीकरण निवेश सलाह और रिसर्च एनालिस्ट सेवाएं प्रदान करने के आरोपों के आधार पर की गई है। सेबी के 125 पन्नों के अंतरिम आदेश-सह-शो कॉज नोटिस में गुरुवार को कहा गया कि एएसटीएपीएल और साठे ने कोर्स के नाम पर बड़ी संख्या में निवेशकों को लुभाया और शेयर बाजार में विशेष स्टॉक्स में खरीद-बिक्री की सिफारिशें दीं। आदेश के अनुसार, ये सिफारिशें शिक्षा देने के बहाने शुल्क लेकर प्रदान की जा रही थीं, जबकि न साठे और न ही उनकी कंपनी सेबी के पास निवेश सलाहकार या रिसर्च एनालिस्ट के रूप में पंजीकृत थे। सेबी ने पाया कि एएसटीएपीएल व साठे ने 3.37 लाख से अधिक निवेशकों से 601.37 करोड़ रुपये एकत्र किए। मुनाफे के उदाहरण चुनिंदा रूप से दिखाकर कोर्स का आक्रामक प्रचार किया गया। बिना पंजीकरण निवेश सलाह देना प्रतिभूति कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वर्श्नेय ने आदेश में कहा कि एएसटीएपीएल और अवधूत साठे संयुक्त रूप से 546.16 करोड़ रुपये लौटाने के लिए जिम्मेदार हैं।

## पहले ही घंटे में दोगुना से अधिक भरे तीन आईपीओ

# वाहन कंपनियों के लिए कीमतें बढ़ानी होंगी मुश्किल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली


ऑटो निर्माताओं के लिए नए साल में कीमतों में बढ़ोतरी को जारी रखना मुश्किल हो सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संभावित मुनाफाखोरी-रोधी उपायों पर सरकारी निगरानी कड़ी हो रही है। साथ ही इनपुट लागत में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो रही है। इस साल की स्थिति जनवरी में होने वाली 1-3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की तुलना में कहीं ज्यादा जटिल है, जो आमतौर पर उद्योग करते हैं।

22 सितंबर, 2025 को कर कटौती के बाद कई सरकारी निकाय जीएसटी के बाद के मूल्य निर्धारण व्यवहार पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। निगरानी अब मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय के अधीन है, जो उल्लंघनों की जांच करता है। 2022 में मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण के समाप्त होने के बाद से प्रवर्तन ढांचा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के अधीन होने के साथ कंपनियों को उम्मीद है कि जीएसटी कटौती के इरादे के अनुरूप न दिखने वाले किसी भी मूल्य निर्धारण की गहन जांच की जाएगी। इसने ऑटो कंपनियों को और भी सतर्क कर दिया है। एक प्रमुख यात्री वाहन निमार्ता कंपनी के अधिकारी ने कहा, वाकई में कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, तब भी जनवरी में कीमतों में वृद्धि की बारीकी से जांच की जाएगी। इस बीच लागत का दबाव चुपचाप फिर से उभर रहा है।

**मीशो सहित तीन आईपीओ पहले ही घंटे में भरे दो गुना से ज्यादा-** ई-कॉमर्स मीशो सहित तीन आईपीओ बुधवार को खुलते ही पहले घंटे में भर गए। इनको दो गुना से ज्यादा का रिस्पांस मिला। एक्सचेंजों के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 5,421 करोड़ रुपये का मीशो का इश्यू 2.35 गुना भरा। खुदरा निवेशकों ने 3.85 गुना ज्यादा पैसा लगाया। एंकर निवेशकों से इसने 2,439 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसका मूल्य 105-111 रुपये तय किया गया है। विद्या वायर्स के इश्यू को 2.89 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। 300 करोड़ रुपये के इस आईपीओ में खुदरा निवेशकों ने 4.02 गुना पैसा लगाया। एंकर निवेशकों से 90 करोड़ रुपये जुटाया गया है। इसका भाव 48-52 रुपये तय किया गया है। 922 करोड़ का एक्वस का आईपीओ 3.42 गुना भरा। खुदरा निवेशकों ने 11.46 गुना ज्यादा पैसा लगाया। एंकर निवेशकों से 414 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। मूल्य 118-124 रुपये शेयर तय किया गया है। तीनों इश्यू शुक्रवार को बंद होंगे।

**बीईएमएल को 157 करोड़ रुपये का ऑर्डर-** डिफेंस पीएसयू बीईएमएल लिमिटेड को लोराम रेल मेंटेनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से 157 करोड़ रुपये का नया ऑर्डर मिला है। कंपनी स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीनों का निर्माण करेगी, जो रेलवे ट्रैकों के रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बीएसई को दी जानकारी में बीईएमएल ने बताया कि यह मशीनें रेलवे ट्रैक की स्विच रेल को घिसाई और स्मूदिंग के जरिए दुरुस्त रखने में मदद करेंगी, जिससे ट्रेन संचालन और अधिक सुरक्षित और सुचारू हो सकेगा। स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीनें विशेष प्रकार के मेंटेनेंस वाहन होती हैं, जिनका उपयोग ट्रैक के मूवेबल स्विच हिस्सों की प्रोफाइल बहाल करने, खामियों को दूर करने और टर्नआउट, क्रॉसिंग जैसे जटिल सेक्शन की उम्र बढ़ाने के लिए किया जाता है।

**एनपीसीआईएल इंटरनेशनल ने एसीएलईडीए बैंक से की साझेदारी-** एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने कैम्बोडिया के एसीएलईडीए बैंक पीएलसी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को कैम्बोडिया में स्वीकार्य बनाएगी और वहीं कैम्बोडिया के राष्ट्रीय क्यूआर नेटवर्क बकांग को भारत में भुगतान के लिए सक्षम करेगी। एनपीसीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, एसीएलईडीए बैंक को कैम्बोडिया के नेशनल बैंक द्वारा बाकोंग नेटवर्क का ऑपरेटर नियुक्त किया गया है। अब बैंक एनआईपीएल के साथ मिलकर कैम्बोडिया में यूपीआई स्वीकार्यता और भारत में केएचक्यूआर की स्वीकार्यता सुनिश्चित करेगा। इस साझेदारी से भारत और कैम्बोडिया के यात्रियों को पर्यटन स्थलों, रेस्टोरेंट, रिटेल स्टोर्स और अन्य खरीदारी स्थानों पर क्यूआर-आधारित भुगतान करने में आसानी होगी।




### कम जोखिम वाले विदेशी निवेशकों के लिए नियम को आसान बनाएगा सेबी

बाजार नियामक सेबी ने सिंगल विंडो पहुंच की शुरूआत करके कम जोखिम वाले विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय प्रतिभूति बाजार में भागीदारी आसान बना दी है। इस कदम का उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना और निवेश गंतव्य के रूप में देश के आकर्षण को बढ़ाना है। नया ढांचा विश्वसनीय विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित और सामान्यीकृत पहुंच (स्वागत-एफआई) विदेशी निवेशकों को आसान निवेश पहुंच प्रदान करेगा। इससे विभिन्न निवेश मार्गों में एकीकृत पंजीकरण प्रक्रिया सक्षम होगी। ऐसी संस्थाओं के लिए बार-बार अनुपालन और दस्तावेजीकरण कम होगा। कम जोखिम वाले विदेशी निवेशकों में सरकारी स्वामित्व वाले फंड, केंद्रीय बैंक, सॉवरेन वेल्थ फंड, बहुपक्षीय संस्थाएं, उच्च विनियमित सार्वजनिक खुदरा फंड और विनियमित बीमा कंपनियों के साथ ही पेंशन फंड शामिल हैं। इसे प्रभावी बनाने के लिए सेबी ने विदेशी निवेशकों और एफवीसीआई नियमों में संशोधन किया है। सेबी का यह नियम 1 जून, 2026 से लागू होंगे।

## ईएमआई घटेगी

# सस्ते होंगे लोन, आरबीआई ने रेपो रेट में की 25 बेसिस पॉइंट की कटौती



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति की बैठक में बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है। इसके बाद रेपो रेट 5.25 प्रतिशत हो गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू होगी। आरबीआई के इस कदम से होम लोन की ईएमआई कम होने की संभावना है और बैंक सस्ती दरों पर लोन ऑफर कर सकते हैं।

गवर्नर मल्होत्रा ने बताया कि पिछला महीना चुनौतीभरा रहा, लेकिन आने वाले महीनों में जीडीपी से लेकर महंगाई तक हालात बेहतर रहने की उम्मीद है।

आरबीआई ने महंगाई लक्ष्य 2 प्रतिशत रखा है। दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही, जबकि चालू वर्ष की पहली छमाही में जीडीपी लगभग 8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

आरबीआई ने 2025 में अब तक चार बार रेपो रेट में कटौती की है। फरवरी में 25 बेसिस प्वाइंट, अप्रैल में 25 बेसिस प्वाइंट, जून में 50 बेसिस प्वाइंट और अब फिर 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की गई है। इस तरह इस साल कुल 125 बेसिस प्वाइंट या 1.25 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इससे पहले दो बार रेपो रेट स्थिर रहा था, लेकिन अब यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 5.25 प्रतिशत पर आ चुका है।

रेपो रेट में कटौती का असर शेयर बाजार पर भी नजर आया। सेंसेक्स 200 अंकों से अधिक बढ़कर 85,500 के ऊपर कारोबार कर रहा है, जबकि निफ्टी 75 अंक की तेजी के साथ 26,110 पर पहुंच गया। निफ्टी बैंक में भी 364 अंकों की जोरदार बढ़त दर्ज की गई।

# क्या 2026 में सोने की कीमतें 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ेंगीं? जानिए विश्व स्वर्ण परिषद ने क्या दावा किया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भू-राजनीतिक जोखिम और अधिक बढ़ते हैं तो इसकी वजह से आर्थिक मंदी गहराने की संभावनाओं के बीच सोने की कीमतों में मौजूदा स्तर से 15 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।



विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए सोने की कीमतें वर्तमान स्तर से 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना जताई है। साल 2025 में अब तक सोने की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका द्वारा लगाया जाने वाला टैरिफ और भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण निवशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदारी की है। केंद्रीय बैंकों द्वारा भी सोने की खरीदारी और ब्याज दरों में भी साल 2025 में सोने की कीमतों ने दिशा तय की है।

रिपोर्ट कहती है, यदि 2026 में आर्थिक वृद्धि धीमी होती है और ब्याज दरें उम्मीद से अधिक गिरती हैं, तो सोने में 5 से 15 प्रतिशत के बीच बढ़त देखी जा सकती है। दूसरा बढ़ते वैश्विक जोखिम की वजह से ज्याद गंभरी मंदी में सोने की कीमतों में 15 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। वहीं इसके विपरित ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की बनाई पॉलिसी का सफल नतीजा आर्थिक ग्रोथ को तेज करेगा तो रिस्क कम हो जाएगा, इससे सोने की कीमतों में 5 से 20 प्रतिशत तक गिरावट भी आ सकती है।

गोल्ड ईटीएफ की मांग बढ़ी

विश्व स्वर्ण परिषद की रिपोर्ट के अनुसार निवेश की मांग विशेष रूप से गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडड फंड (ईटीएफ) में बनी हुई है और यह भविष्य में बनी रहेगी। रिपोर्ट के आंकड़ों पर नजर डाले तो पता चलता है कि गोल्ड रईएफ में कैलेंडर वर्ष 2025 में मौजूदा समय तक 77 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। जिसमें उनकी होल्डिंग में 700 टन से अधिक की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि हम शुरूआती बिंदु को मई 2024 के पीछे ले कर जाते हैं तो भी सामूहिक गोल्ड ईटीएफ होल्डिंग लगभग 850 टन बढ़ चुकी है। यह आंकड़ा पिछले गोल्ड बुल साइकल के आंकड़ों के आधे से भी कम है, इसलिए इसमें वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। गोल्ड ईटीएफ व गोल्ड निवेश की बढ़ती मांग की वजह से आभूषण की बिक्री पर इसका असर देखा गया।

### 2026 में सोने की कीमतें गिरावट भी आ सकती है

डब्ल्यूजीसी की रिपोर्ट का कहना है कि यह यहां एक नकारात्मक पहलू भी है कि सोने की कीमतों में वर्ष 2026 में 5 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट भी आ सकती है। ऐसा होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को सफल होना होगा, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका में राजकोषीय प्रोत्साहन मजबूत बने और वृद्धि करे। रिपोर्ट में यह चेतावनी भी दी गई है कि इन परिस्थितियों में पुनर्मुद्रास्फीति(रिफ्लेशन) की संभावना बढ़ सकती है, जिससे गतिविधियां बढ़ेगी और वैश्विक विकास आगे बढ़ेगा। जिस तरह से मुद्रास्फीति का दबाब बढ़ेगा, फेड को 2026 में ब्याज दरों को स्थिर रखने और यहां तक की ब्याज दरें बढ़ाने पर मजबूर भी होना पड़ेगा। डब्ल्यूजीसी का कहना है कि लंबे प्रतिफल में बढ़ोतरी होगी और अमेरिकी डॉलर मजबूत होगा। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि बढ़ती पैदावार, मजबूत डॉलर और जोखिम आधारित रुझान सोने की कीमतों पर भारी पड़ सकता है, जिसमें निवशकों की दिलचस्पी में कमी आ सकती है।

## इस तारीख से लागू होगा नया नियम

# पान मसाला के हर पैक पर अब खुदरा मूल्य छापना अनिवार्य

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

सरकार ने पान मसाला के हर पैकेट पर खुदरा बिक्री मूल्य (एमआरपी/आरएसपी) को छापना अनिवार्य कर दिया है। पैक का आकार या वजन कुछ भी हो, यह नियम सभी पर लागू होगा। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने पान मसाला के सभी पैक पर खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) लिखना अनिवार्य कर दिया है। उन्हें विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के अंतर्गत अन्य अनिवार्य घोषणाएं प्रदर्शित करना भी अनिवार्य होगा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने इसके लिए नियमों में संशोधन किया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सामान्य वैधानिक नियम (जीएसआर) 881(ई) के माध्यम से अधिसूचित यह संशोधन 1 फरवरी, 2026 से लागू होगा। नियम लागू होने की तारीख से, पान मसाला के सभी उत्पादकों, पैकर और आयातकों को इसका पूरा अनुपालन करना होगा।

इस संशोधन से वह पूर्व छूट समाप्त हो गई है जिसके तहत 10 ग्राम या उससे कम के छोटे पैक को कुछ घोषणाओं से बचने की अनुमति थी। अब, इन छोटे पैक्स पर भी खुदरा बिक्री मूल्य अंकित होना चाहिए और 2011 के नियमों के तहत आवश्यक सभी घोषणाएं प्रदर्शित करनी होंगी। नियम 26(ए) के तहत पिछली शर्त को वापस ले लिया गया है और उसकी जगह पान मसाला के लिए एक नई शर्त रखी गई है। विभाग ने कहा कि यह कदम सभी पैक आकार में पारदर्शी कीमत की जानकारी पक्का करके उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करता है। उम्मीद है कि इससे छोटे पैक पर गुमराह करने वाला या धोखा देने वाला मूल्य निर्धारण रुकेगा और उपभोक्ता बेहतर जानकारी के साथ खरीद पर फैसले ले पाएंगे। सभी पैक पर खुदरा बिक्री मूल्य को जरूरी बनाकर, यह बदलाव पान मसाला पर खुदरा बिक्री मूल्य-आधारित जीएसटी लेवी को लागू करने में भी मदद करता है। इससे जीएसटी परिषद के फैसलों को आसानी से लागू करने और सबसे छोटी यूनिट सहित सभी पैक आकार पर सही कर आकलन और राजस्व संग्रह पक्का करने की उम्मीद है।

## अमृतसर में कुत्ते ने पर्स चुराया,कैश-डॉक्यूमेंट्स रखे थे, पुलिस तलाश में जुटी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में एक कुत्ते ने चाय की दुकान पर बैठे युवक का पर्स उठा ले गया। पर्स में 5-6 हजार रुपए नकद और डॉक्यूमेंट थे। जिससे पुलिस कुत्ते तलाश में जुटी है।

पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसमें कुत्ता शांत ढंग से दुकान के पास घूमता दिखा और मौका मिलते ही कुर्सी पर रखा पर्स मुंह में दबाकर भाग गया। युवक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोग इस अनोखी चोरी को मजाकिया लहजे में सोशल मिडिया पर रॉबिन हुड डॉग कहकर शेयर कर रहे हैं।

शांत तरीके से घूमते हुए कुर्सी तक पहुंचाः अमृतसर के लारेंस रोड पर चाय की दुकान में बैठे एक युवक का पर्स उस समय चोरी हो गया, जब एक आवारा कुत्ता दुकान के पास शांत तरीके से घूमते हुए उसकी कुर्सी तक पहुंचा और मौका मिलते ही पर्स मुंह में दबाकर सड़क की ओर भाग गया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट दिखी।

पर्स में कैश और अहम डॉक्यूमेंट थेः युवक को पहले समझ नहीं आया कि पर्स कहां गया। जब दुकान संचालक ने सीसीटीवी चेक किया तो सामने आया कि चोरी कुत्ते ने की है। पर्स में 5-6 हजार रुपए नकद और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। युवक ने तुरंत पास में मौजूद पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी दी।

## राजस्थान-मध्यप्रदेश के 37 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

# 8 से और बढ़ेगी ठिठुरन; उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, केदारनाथ में -14° पारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं ने कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। राजस्थान के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया। 7 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर 1.9 डिग्री के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। लूणकरणसर में 3.2, सीकर में 3 और नागौर में 3.1 पारा रिकॉर्ड हुआ।

मध्य प्रदेश के 19 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। पचमढ़ी से पारा सबसे कम 5.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ों से सर्द हवाएं आने के कारण 7 और 8 दिसंबर को सर्दी का असर और बढ़ेगा।

उत्तराखंड में रविवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। राज्य के कई जिलों में तापमान पहले से शून्य से नीचे पहुंच गया है केदारनाथ में शुक्रवार को -14 और बद्रीनाथ में -11 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी वाले इलाकों में भी हल्की बारिश और बर्फबारी की हो सकती है। शुक्रवार को राज्य के सभी शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे गिर गया है। 14 शहरों में तापमान 5 डिग्री से कम रहा। लाहौल स्पीति के ताबो में -8.3 डिग्री और कुकुमसैरी में -5.2 डिग्री तापमान रहा।

उत्तर से आ रही बर्फीली हवा से राजस्थान में हाड़ कंपाने वाली सर्दी शुरू हो गई है। शेखावाटी के इलाकों में रात का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। ओस जमने से खेतों में पाला पड़ना शुरू हो गया है। इससे फसलों को नुकसान हो रहा है।



शुक्रवार को राज्य के 15 से ज्यादा शहरों में ही तापमान सिंगल डिजिट में दर्ज हुआ। जयपुर में इस सीजन पहली बार तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले कुछ दिन इसी तरह कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य का सबसे ठंडा इलाका सीकर का फतेहपुर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2, सीकर में 3, नागौर में 3.1, अलवर में 5.4, दौसा में 4.6, झुंझुनूं में 6.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर में जयपुर में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शेखावाटी के चूरू, सीकर, झुंझुनूं के अलावा नागौर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, अलवर समेत कई शहरों में रात में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है।

### दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री से नीचे

सर्द हवाओं और तेज सर्दी के कारण दिन में सूरज की चमक भी फीकी पड़ने लगी है। दिन में तेज धूप के बावजूद तापमान कम दर्ज हो रहा है। अलवर, पिलानी, सीकर, उदयपुर, चूरू, बारां, सिरोही, करौली, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, पाली में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

## उत्तर से आ रही सर्द हवाओं से मध्यप्रदेश फिर से ठिठुरने लगा

उत्तर से आ रही सर्द हवाओं से मध्यप्रदेश फिर से ठिठुरने लगा है। सबसे ज्यादा असर ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में है। यहां कोहरा भी छा रहा है। गुरुवार-शुक्रवार की रात में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 19 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। प्रदेश में रात के तापमान में औसत 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के चलते बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। यहां से सर्द हवाएं भी एमपी में आ रही है। 7-8 दिसंबर को ठंड का असर और बढ़ेगा। बीती रात रीवा प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। यहां पारा सबसे कम 5.8 डिग्री पर पहुंच गया। भोपाल में 8.2 डिग्री, इंदौर में 11 डिग्री, ग्वालियर में 7.5 डिग्री, उज्जैन में 11.7 डिग्री और जबलपुर में 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राजगढ़-कल्याणपुर में 6 डिग्री, पचमढ़ी में 6.7 डिग्री, सतना के चित्रकूट में 6.8 डिग्री, शिवपुरी में 7 डिग्री, उमरिया में 7.1 डिग्री, नौगांव में 8.2 डिग्री, सतना में 8.6 डिग्री, दमोह-खजुराहो में 9 डिग्री, गुना में 9.5 डिग्री, सीधी में 9.6 डिग्री, मलाजखंड में 9.7 डिग्री और धार में तापमान 9.9 डिग्री रहा।

## कूनो में चीता वीरा के शावक की मौतः

# एक दिन पहले ही सीएम ने खुले जंगल में छोड़ा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्योरपुर

कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता वीरा के 10 महीने के शावक का शव मिला है। इसे वीरा और दूसरे शावक के साथ एक दिन पहले गुरवार को ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो के पारोंद क्षेत्र में खुले जंगल में रिलीज किया था।

गुरवार देर रात ही ये शावक अपनी मां से अलग हो गया था। शुक्रवार को इसकी खोज की गई। दोपहर बाद पारोंद के जंगल में शव मिला। चीता प्रोजेक्ट के फील्ड डायरेक्टर उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि शावक की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। प्रारंभिक जांच में किसी तरह की चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं।

उन्होंने बताया कि वीरा और उसका दूसरा शावक पूरी तरह सुरक्षित हैं। उनकी लगातार निगरानी की जा रही है। कूनो में चीतों की गतिविधियों और स्वास्थ्य पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है।

### अब कूनो में कुल 28 चीते बचे

इस शावक की मौत के बाद कूनो नेशनल पार्क में चीतों की कुल संख्या अब 28 रह गई है। इनमें 8 वयस्क चीते (5 मादा और 3 नर) और भारत में जन्मे 20 शावक शामिल हैं। पार्क के अन्य सभी चीते स्वस्थ बताए गए हैं।

चीता प्रोजेक्ट के अधिकारी इस घटना की बारीकी से जांच कर रहे हैं। इसमें शावकों के प्राकृतिक व्यवहार, क्षेत्र में मौजूद खतरों और निगरानी प्रणाली की समीक्षा भी शामिल है।

मादा चीता वीरा और उसके दो शावकों को 4 दिसंबर को ही खुले जंगल में छोड़ा गया था। मादा चीता वीरा और उसके दो शावकों को 4 दिसंबर को ही खुले जंगल में छोड़ा गया था।



### 26 मार्च 2023: साशा की किडनी इन्फेक्शन से मौत

नामीबिया से लाई गई 4 साल की मादा चीता साशा की किडनी इन्फेक्शन से मौत हुई थी। वन विभाग के मुताबिक, 15 अगस्त 2022 को नामीबिया में साशा का ब्लड टेस्ट किया गया था, जिसमें क्रिएटिनिन का स्तर 400 से ज्यादा था। इससे ये पुष्टि होती है कि साशा को किडनी की बीमारी भारत में लाने से पहले ही थी। साशा की मौत के बाद चीतों की संख्या घटकर 19 रह गई।



### 27 मार्च 2023: ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया

साशा की मौत के अगले ही दिन मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया। ज्वाला को नामीबिया से यहां लाया गया था। कूनो नेशनल पार्क में इन शावकों को मिलाकर चीतों की कुल संख्या 23 हो गई।

### 23 अप्रैल 2023: उदय की दिल के दौरे से मौत

साउथ अफ्रीका से लाए गए नर चीते उदय की मौत हुई। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में बताया गया कि उदय की मौत कार्डियक आर्टरी फेल होने से हुई। मध्य प्रदेश के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन जेएस चौहान ने बताया कि हृदय धमनी में रक्त संचार रुकने के कारण चीते की मौत हुई। यह भी एक तरह का हार्ट अटैक है। इसके बाद कूनो में शावकों सहित चीतों की संख्या 22 रह गई।

### 9 मई 2023: दक्षा की मेटिंग के दौरान मौत

दक्षा को दक्षिण अफ्रीका से कूनो लाया गया था। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन जेएस चौहान ने बताया कि मेल चीते को दक्षा के बाड़े में मेटिंग के लिए भेजा गया था। मेटिंग के दौरान ही दोनों में हिंसक इंटरेक्शन हो गया। मेल चीते ने पंजा मारकर दक्षा को घायल कर दिया था। बाद में उसकी मौत हो गई। इसके बाद कूनो में शावकों सहित चीतों की संख्या 21 रह गई। ज्वाला के एक शावक की मौत हुई थी। जेएस चौहान ने बताया कि ये शावक जंगली परिस्थितियों में रह रहे थे।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री जितेन्द्र राठौर पिता श्री मोहनलाल जी राठौर निवासी उज्जैन के द्वारा श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर निवासी ग्राम नईखेडी, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्त्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 39/1 रकबा 00.4000 हेक्टेयर, लगानी बरूऐट स्थित ग्राम पंचेड़ प.ह.नं. 13 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय किये जाने के सम्बंध में अनुबंध किया गया होकर बयाना पेटे आंशिक विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान किया गया है।

उक्त भूमि (1) श्री तोलाराम उर्फ तेजाराम पिता स्व.श्री सिद्ध उर्फ सिद्धू नट निवासी ग्राम बांगर तहसील व जिला देवास (म.प्र.) (2) श्री निर्भय सिंह पिता स्व.श्री सिद्ध नट निवासी ग्राम पंचेड तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं (3) श्रीमती रतन बाई पति स्व.श्री सिद्ध नट निवासी ग्राम हतूनिया जिला इंदौर (म.प्र.) से ई-पंजीकृत विक्रय विलेख ई-पंजीयन क्रमांक टढ43202024411395697 दिनांक 16.12.2024 जिसका मुद्रण दिनांक 16.12.2024 को उप पंजीयक कार्यालय घट्टिया में हुआ के माध्यम से वर्तमान स्वामी श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर को विक्रय की थी। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर के नाम पर बहेसियत भूमि स्वामी अंकित चली आ रही है।

उक्त सम्पत्ति को श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर, के द्वारा मेरे पक्षकार को विक्रय किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा अन्य किसी का हक हित या भार हो तो वह मय प्रमाण जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, नियत समय में आपत्ति प्राप्त न होने की दषा में मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का पंजीयन अपने हित में सम्पादित करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सूचित हो। इति दिनांक : 05.12.2025

**जम्बूकुमार जैन**
**एडवोकेट एवं नोटरी (भारत सरकार)**
**23, शंकू मार्ग, माधवनगर, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9669666697**

## भारत बोला- अरुणाचल हमारा अभिन्न हिस्सा, सच्चाई नहीं बदलती

# पाकिस्तान ने चीन के अरुणाचल पर दावे का समर्थन किया: पाक प्रवक्ता बोले- पूरा साथ देंगे

ब्रह्मास्त्र ›› बीजिंग/इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के अरुणाचल प्रदेश पर दावे का खुलकर समर्थन किया है। शुक्रवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 5 दिसंबर को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ह्यचीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े हर मुद्दे पर पाकिस्तान का लगातार और पूरा समर्थन चीन के साथ है ह्व अरुणाचल प्रदेश पर चीनी विदेश मंत्रालय के दिए गए बयानों के सवाल पर अंद्राबी ने यह बात कही।

चीन ने 25 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को कभी भारत का हिस्सा नहीं माना। चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजॉम थांगडॉक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया था। चीन ने पेम के साथ बदसलूकी के आरोपों को भी नकार दिया था।


चीन के इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। चीन चाहे जितना भी इनकार करे, सच्चाई नहीं बदल सकती।

अरुणाचल पर चीन अपना दावा करता है चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी है। वो अरुणाचल को ह्यदक्षिणी तिब्बतह्व का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है, इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है।



2015 में चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंस के रिसर्चर झांग योंगपान ने ग्लोबल टाइम्स को कहा था, 'जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से चीन के पास हैं।

चीन का इन जगहों का नाम बदलना बिल्कुल जायज है। पुराने समय में जांगनान ( चीन में अरुणाचल को दिया नाम) के इलाकों के नाम केंद्रीय या स्थानीय सरकारें ही रखती थीं। इसके अलावा इलाके के जातीय समुदाय जैसे तिब्बती, लाहोबा, मोंबा भी अपने अनुसार जगहों के नाम बदलते रहते थे। जब जैंगनेम पर भारत ने गैर कानूनी तरीके से कब्जा जमाया तो वहां की सरकार ने गैर कानूनी तरीकों से जगहों के नाम भी बदले। झांग ने ये भी कहा था कि अरुणाचल के इलाकों के नाम बदलने का हक केवल चीन को होना चाहिए।




## पाकिस्तान में वायरल हुई जिन्ना की परनातिन, पेरिस के फैशन इवेंट में शामिल हुई थीं



पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की परनातिन एला वाडिया पाकिस्तान में वायरल हो रही हैं। कई अखबार उन पर स्टोरी कर चुके हैं। दरअसल, एला वाडिया ने पेरिस में हुए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फैशन इवेंट ले बाल दे डेब्यूटांट्स 2025 से डेब्यू किया है।

यह हाई-प्रोफाइल फैशन बॉल हर साल पेरिस के शांगरी-ला होटल में होता है। इस बार आयोजन 29 नवंबर को हुआ, जिसमें दुनिया भर से चुनकर आई 25 युवा लड़कियों ने हिस्सा लिया। इनमें शाही परिवारों की बेटियां, बड़े राजनीतिक घरानों की वंशज और हॉलीवुड सितारों के बच्चे शामिल होते हैं। इसी खास सूची में इस बार एला वाडिया भी शामिल थीं।

एला वाडिया भारत के एक बेहद प्रतिष्ठित कारोबारी परिवार से आती हैं। वह बिजनेस एंटरप्रेन्योर जहांगीर वाडिया और फैशन डिजाइनर सेलीना वाडिया की बेटी हैं। दोनों मिलकर उ त्री नाम की फैशन ब्रांड चलाते हैं। एला के पिता जहांगीर वाडिया बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियल्टी और गो फर्स्ट जैसे बड़े बिजनेस समूहों से जुड़े हैं, जबकि उनकी मां फैशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री की जानी-मानी हस्ती हैं। एला वाडिया का जिन्ना से पारिवारिक रिश्ता तीन पीढ़ियों से होकर आता है। मोहम्मद अली जिन्ना की दूसरी पत्नी रत्तनबाई पेटिट थीं। दोनों की एक बेटी हुई दीना जिन्ना। दीना ने कारोबारी नेविल वाडिया से शादी की। उनके बेटे नुस्ली वाडिया देश के प्रमुख उद्योगपति बने। नुस्ली वाडिया के दो बेटे हुए, नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया। जहांगीर वाडिया एला के पिता हैं।

# बांग्लादेश में GenZ की पार्टी पिछड़ी, युवाओं में बढ़ रही कट्टरपंथियों की लोकप्रियता

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश में चुनाव से पहले हुए की पार्टी पिछड़ती दिख रही है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद छात्रों ने जातीय नागोरिक पार्टी (JNP) बनाई थी, लेकिन अब उसे जरूरी समर्थन मिलता नहीं दिख रहा है। वहीं, अवामी लीग पर बैन और इठढ के नेतृत्व संकट का सीधा असर जनसमर्थन पर पड़ा है। हाल में आए चुनावी सर्वे से खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश में दो मुख्य पार्टियों के मैदान से हटने के कारण कट्टरपंथी पार्टियों के लिए नए अवसर पैदा हो गए हैं। ये समूह अपनी पकड़ बढ़ाने में सफल हुए हैं और ग्रामीण इलाकों में उनका प्रभाव रिकॉर्ड स्तर पर दिख रहा है। इठढ का वोट शेयर लगातार गिर रहा है और छात्रों की पार्टी की पकड़ भी कमजोर पड़ी है। कट्टरपंथी समूह तेजी से बढ़त लेते दिखाई दे रहे हैं।



## ट्रम्प 30 देशों पर ट्रेवल बैन लगाने की तैयारी कर रहे, इनमें 19 देशों को पहले ही प्रतिबंध कर चुके

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ट्रेवल बैन को बढ़ाकर 30 देशों से अधिक करने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार को फॉक्स न्यूज के कार्यक्रम 'द इंग्राहम एंगल' में कही। क्रिस्टी नोएम ने कहा, 'मैं संख्या के बारे में स्पष्ट नहीं कहूंगी, लेकिन यह 30 से अधिक है, राष्ट्रपति इन देशों का मूल्यांकन जारी रखे हुए हैं।' यह बयान ट्रम्प के साथ उनकी हालिया बैठक के बाद आया है।

# पाकिस्तानी सेना बोली- इमरान मानसिक रूप से बीमार:वे गद्दारों की भाषा बोल रहे, देश के खिलाफ नरेटिव बना रहे

ब्रह्मास्त्र ›› कराची

पाकिस्तानी सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मानसिक रूप से बीमार बताया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा हैं।

यह प्रेस कॉन्फ्रेंस नए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज हेडक्वार्टर के उद्घाटन के तुरंत बाद हुई। रिपोर्टर्स से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने कई बार इमरान खान की आलोचना की। उन्होंने इमरान खान का एक ट्वीट दिखाते हुए कहा कि यह जानबूझकर सेना के खिलाफ नरेटिव बनाने की कोशिश है।

जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि इमरान खान का नरेटिव अब नेशनल सिक्योरिटी थ्रेट बन गया है



जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि इमरान खान का नरेटिव अब नेशनल सिक्योरिटी थ्रेट बन गया है

सेना बोली- राजनीति में सेना को न घसीटें चौधरी ने खान को ऐसा शख्स बताया जो संविधान से ज्यादा अपने व्यक्तिगत फायदे को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा, ह्यएक व्यक्ति सोचता है कि अगर वो नहीं है, तो कुछ भी नहीं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है। उसे लगता है कि मेरे बिना कुछ नहीं चल सकता।


चौधरी ने कहा कि किसी को भी पाकिस्तान की सेना और जनता के बीच दरार पैदा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों से कहा कि अपनी राजनीति में सेना को न घसीटें। संस्थाओं की सीमाओं का सम्मान करें।


लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने यह भी सवाल उठाया कि जेल में बंद इमरान खान किस कानून के तहत लोगों से मिलते हैं और राज्य तथा सेना के खिलाफ नरेटिव तैयार करते हैं? उन्होंने पूछा, ह्यकौन सा कानून है जो एक कैदी को लोगों से मिलने और राज्य तथा पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं के खिलाफ नरेटिव तैयार करने की अनुमति देता है?

## इमरान की बहन बोलीं- आसिम मुनीर कट्टरपंथी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं। अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया। उन्होंने कहा कि जब इमरान खान सत्ता में आए तो उन्होंने भारत और यहां तक कि इखढ से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की। जबकि मुनीर बॉर्डर पर तनाव और युद्ध का माहौल बनाते हैं, जिससे भारत और उसके सहयोगी प्रभावित होते हैं। अलीमा खानुम का दावा है कि इमरान पाकिस्तान के 90% लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए उन्हें अलग-थलग करके शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तान के लोगों का दमन कर रही है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | व | हा | दु | र |
| त | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | त | दी | ना | म | य | ग | रू |
| ई | र | व | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | है | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | मो | विं | द |
| क | र | त | प | क्ष | प | का | र | चो | ट | ख |
| र | व | त | य | त | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | व | त | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# 4 दिन में 2000+ इंडिगो फ्लाइट कैंसिल:3 लाख यात्री परेशान हुए;

# एविएशन मिनिस्टर बोले- गलती एयरलाइन की, एक्शन तय





**देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के ऑपरेशन में लगातार पांचवें दिन शनिवार को सुधार नहीं दिख रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई एयरपोर्ट पर रातभर पैसेंजर परेशान दिखे। इससे पहले चार दिनों में रद्द उड़ानों की संख्या 2,000 से ज्यादा हो गई है। इससे करीब 3 लाख यात्री सीधे प्रभावित हुए।**

**आज और कल इंडिगो की 25-30% ज्यादा फ्लाइट्स रद्द या लेट हो सकती हैं। पिछले 4 दिनों में रोजाना एवरेज 500 फ्लाइट लेट हो रही है, जो कि शनिवार और रविवार को बढ़कर 600 तक पहुंच सकती है। इसका कारण है कि शनिवार और रविवार को अन्य दिनों से एक तिहाई फ्लाइट ज्यादा ऑपरेट होती हैं।**

इंडिगो का कहना है कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल होने में 15 दिसंबर तक का समय लगेगा। हालांकि, सिविल एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने कहा कि नए  नॉर्म्स 1 नवंबर से लागू हैं, लेकिन किसी अन्य एयरलाइन को दिक्कत नहीं आई, जिससे स्पष्ट है कि गलती इंडिगो की है। एयरलाइन की लापरवाही की जांच होगी और एक्शन तय है।

## DGCA के नए नियमों से इंडिगो में संकट

**साप्ताहिक आराम**
हर सप्ताह 48 घंटे का वीकली रेस्ट जरूरी

**नाइट ड्यूटी**
पहले सुबह 5 तक थी, अब रात 12 से सुबह 6 तक शिफ्ट

**नाइट लैंडिंग पर लिमिट**
पहले पायलट 6 लैंडिंग तक करते थे, अब सिर्फ 2 की इजाजत

**लगातार नाइट शिफ्ट पर रोक**
लगातार 2 रातों से ज्यादा ड्यूटी नहीं लग सकती

**फ्लाइट ड्यूटी पीरियड लिमिट**
प्री-फ्लाइट और पोस्ट-फ्लाइट में अतिरिक्त 1 घंटे से अधिक काम नहीं

**लंबी उड़ानों के बाद रेस्ट**
कनाडा-यूएस जैसी लंबी उड़ानों के बाद पायलट को 24 घंटे का रेस्ट।

**असर क्या हुआ**
- पायलट और क्रू की संख्या अचानक कम हो गई
- सभी एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट शेड्यूल बिगड़ा
- कई फ्लाइट्स रद्द या देरी से चलीं
- अतिरिक्त भर्ती और ट्रेनिंग देनी पड़ रही है

# यात्रियों की मदद के लिए स्पाइस जेट 100 एक्स्ट्रा फ्लाइट चलाएगा

## DGCA के वो नए नियम, जिससे इंडिगो में स्टाफ क्राइसिस हुई

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया।

(DGCA) ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए हथे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। वहीं 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है। इस कारण एयरलाइन कंपनियों के पास पायलटों और क्रू मेंबर्स की अचानक कमी पड़ गई है। (DGCA) ने बताया कि नवंबर में इंडिगो की कुल 1,232 उड़ानें कैंसिल की गईं, जिनमें (DGCA) नियमों के कारण 755 उड़ानें शामिल हैं।

## 'सर, अपडेट नहीं मिला है' यही लाइन दोहराई जा रही थी

दरभंगा एयरपोर्ट सामान्य दिनों में शांत रहता है, मगर शुक्रवार को हालात बिल्कुल उलट थे। सुबह से ही टर्मिनल के बाहर यात्रियों की भीड़ थी। अधिकांश लोग दिल्ली और बेंगलुरु जाने वाले थे। इंडिगो की उड़ानें पहले 'डिले' बताई गईं, फिर अचानक 'कैंसिल' का संदेश आया। समस्या यह कि दरभंगा से ऑप्शनल उड़ानें सीमित हैं, इसलिए यात्रियों के पास न पटना जल्दी पहुंचने का विकल्प था, न बनारस। वेटिंग हॉल में बैठने की जगह नहीं बची। लोग फर्श पर बैठकर चार्जर पोर्ट ढूंढ रहे थे। एयरपोर्ट प्रबंधन बार-बार मदद करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इंडिगो स्टाफ के पास यात्रियों के सवालों का जवाब नहीं था। 'सर, अपडेट नहीं मिला है' यही लाइन दोहराई जा रही थी

# इंडिगो क्राइसिस- 10-12 घंटे फर्श-सीढ़ियों पर बैठे रहे यात्री



बिहार में इंडिगो एयरलाइंस की समस्या बड़ी होती जा रही है। पटना से पिछले 36 घंटों में 25 फ्लाइट रद्द हो चुकी हैं, जबकि दरभंगा और गया एयरपोर्ट पर भी उड़ानें कैंसिल और डिले होने का सिलसिला जारी है।

क्रू-की कमी के कारण देशभर में इंडिगो की ऑपरेशनल क्षमता चरमरा गई है। सबसे ज्यादा मुश्किल बिहार के यात्रियों को हो रही है, क्योंकि यहां कनेक्टिंग फ्लाइटें कम हैं, विकल्प सीमित हैं और समय पर सूचना नहीं मिलने की वजह से लोग एयरपोर्ट पर फंस गए हैं।

कई यात्री बीमार परिजनों को लेकर इलाज के लिए दिल्ली-मुंबई जा रहे थे, कुछ विदेश में जॉब ज्वाइन करने की तैयारी में थे, तो कुछ इंटरव्यू के लिए निकल चुके थे। लेकिन एयरलाइंस ने उन्हें एयरपोर्ट पहुंचने के बाद बताया कि 'फ्लाइट कैंसिल है', 'अगले 2झ3 दिन तक टिकट नहीं मिलेगा' या 'अपडेट की स्थिति में नहीं हैं।'

पटना, दरभंगा और गया इन तीनों एयरपोर्ट्स पर यात्रियों ने 10झ12 घंटे फर्श, सीढ़ियों और कुर्सियों पर काटे। कई लोग रात भर जागते रहे। महिला, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान दिखे।

पटना एयरपोर्ट पर शुक्रवार की सुबह से ही यात्री परेशान दिखे। टर्मिनल-1 के बाहर लंबी कतारें और अंदर हालात और भी खराब। सुबह 9 बजे से ही यात्रियों की भीड़ बढ़ती गई। जिनके हाथों में टिकट थे, वे काउंटर पर गए तो एक ही जवाब मिला... 'फ्लाइट कैंसिल हो गई है।' डिस्प्ले बोर्ड पर इंडिगो की उड़ानें लाल अक्षरों में 'Cancelled' दिख रही थी।

मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, पुणे लगभग सभी प्रमुख रूटों की फ्लाइटें रद्द हो चुकी थीं। कुछ यात्रियों को फ्लाइट रद्द की सूचना रास्ते में मिली। कई ऐसे थे जो एयरपोर्ट पहुंचे तब उन्हें पता चला कि 24 घंटों में 11 फ्लाइटें नहीं उड़ सकीं।

एयरपोर्ट पर तैनात कर्मी भीड़ नियंत्रित करने में जुटे थे, लोग बार-बार इनसे पूछ रहे थे, 'हम अब क्या करें?'

ऐसी स्थिति में लोग जमीन पर बैठकर टिकट चेक कर रहे थे, महिलाएं बच्चों को गोद में लिए ऊंघ रही थीं। डिस्प्ले बोर्ड बार-बार रद्द उड़ानों की सूची अपडेट कर रहा था।

■ वर्ष-12 अंक-34 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 06 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

स्वच्छन्दत्वं धनार्थित्वं प्रेमभावोऽथ भोगिता।
अविनीतत्वमालस्यं विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**भावार्थ** : स्वतन्त्रता, धन का मोह, प्रेम में पड़ना, तल्लीन होना, मोह में पड़ना ये छह भी शिक्षा प्राप्ति में बाधक हैं।

सालस्यो गर्वितो निद्रः परहस्तेन लेखकः।
अल्पविद्यो विवादी च षडेते आत्मघातकाः।।

**भावार्थ** : आलसी, अभिमानी, बहुत अधिक सोना, अजनबियों के साथ लिखना, थोड़ा सीखना और बहस करना ये छह आत्महत्याएं हैं।

## सम्पादकीयम्

### किञ्चित् टस्ल-प्रचारः प्रचलति स्म

एतादृशाः बहवः प्रतिज्ञाः ग्राण्ड-गठबन्धनस्य घोषणपत्रे अक्टोब-मासस्य २८ दिनाङ्के विमोचनार्थं दृश्यन्ते। ग्राण्ड एलायन्स् इत्यस्य नेतारः पत्रकारसम्मेलने एकतां दर्शयितुं सर्वोत्तमं प्रयतन्ते स्म। परन्तु काङ्ग्रेस-आरजेडी-योः मध्ये सीट-साझेदारी-सम्बद्धानां विषये किञ्चित् टस्ल-प्रचारः प्रचलति स्म। काङ्ग्रेसः अधिकानि आसनानि इच्छति स्म यतोहि गतनिर्वाचनेषु तेषां अधिकानि आसनानि प्राप्तानि परन्तु न्यूनानि विजयानि प्राप्तानि आसन्। यतो हि अस्य किञ्चित् विलम्बः आसीत्। मुकेशसनी इत्यादयः नेतारः अपि दर्शितवन्तः यत भव्यसङ्घटनस्य सर्वं सम्यक न भवति इति। परन्तु, अन्ते सर्वे पक्षाः तेजशवी यादव इति नामेन सहमताः। एषः निर्णयः भव्यसङ्घस्य कृते महती विजयः अस्ति यतः एतेन तेषां एकतायाः सन्देशः सम्पूर्णं बिहारं प्रति प्रेषयिष्यति। एनडीए पूर्वमेव स्वस्य पत्तकानि प्रकाशितवान् आसीत्, आसनसाझेदारी च घोषितवान् आसीत्। परन्तु, सः सीएम अभ्यर्थीरूपेण किमपि एकं मुखं न प्रस्तुतवान्। एषः स्वयमेव महत् परिवर्तनम्, यतः नितिषकुमारः गतदशकद्वयेन एनडीए-मुखः अस्ति। ग्राण्ड एलायन्स इत्यनेन तेजशवीं सी.एम. बिहारस्य कृते अयं निर्वाचनः अतीव महत्त्वपूर्णः अस्ति तथा च प्रतिज्ञानां गोलः अपि तस्मिन् प्रचलति। यद्यपि निटिश-सर्वकारेण बहवः घोषणाः कृताः, तथापि तेजश्-वी-यादवः अपि जनसामान्यं प्रति अनेकानि प्रतिज्ञानि कृतवान् अस्ति।

### इण्डिगो-विमान-रद्दीकरण-संकटः कदा समाप्तः भविष्यति

# सीईओ यात्रिकाणां कृते तिथिं क्षमायाचनां च निर्गच्छति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतस्य बृहत्तमा विमानसेवा इण्डिगो इत्यनेन सहस्राणि विमानयानानि रद्दीकृत्य देशे सर्वत्र यात्रिकाणां कृते कष्टानि वर्धितानि। इण्डिगो-सङ्घस्य मुख्याधिकारी पीटर एल्बर्स् शुक्रवासरे संकटस्य क्षमायाचनां कृत्वा एकं वीडियो सन्देशं प्रकाशितवान् यत् विमानसञ्चालनस्य सामान्यतां प्राप्तुं किञ्चित् समयः स्यात्, यत्र १० दिनाङ्कतः १५ दिसम्बं यावत् पूर्णं पुनरागमनस्य अपेक्षा अस्ति। मुख्याधिकारी अवदत् यत् शुक्रवासरः, डिसेम्बं-मासस्य ५ दिनाङ्कः सर्वाधिकं प्रभावितः दिवसः आसीत्, यत्र १,००० तः अधिकाः इण्डिगो-विमानयानानि रद्दीकृतानि, यात्रिकाः च अनेकेषु प्रमुखेषु विमानस्थानकेषु दीर्घपङ्क्तौ सामनां कृतवन्तः।

एल्बर्स् इत्यनेन भिडियोसन्देशे उक्तं यत् इण्डिगो इत्यनेन संकटस्य समाधानार्थं यात्रिकाणां सुविधां सुनिश्चित्य च त्रीणि प्रमुखाणि पदानि स्वीकृतानि। प्रथमं सोपानं ग्राहकसञ्चारः, तेषां आवश्यकतानां सम्बोधनं च आसीत्। एतदर्थं विमानसेवा सामाजिकमाध्यमेषु सन्देशान् प्रकाशितवती, अधुना अधिकविस्तृतसञ्चारः निर्गतः, यत्र धनवापसी, रद्दीकरणं, अन्यग्राहकसमर्थनपरिपाटनानि च विस्तरेण सन्ति यात्रिकाणां समस्यानां तत्कालं समाधानं सुनिश्चित्य कॉल सेण्टर क्षमता अपि वर्धिता अस्ति।

द्वितीयं सोपानं पूर्वदिने विमानस्य रद्दीकरणस्य कारणेन विमानस्थानकेषु अटन्तानाम् यात्रिकाणां सुविधा सुनिश्चिता आसीत्। एल्बर्स् इत्यनेन उक्तं यत् एते यात्रिकाः अद्यैव यात्रां कर्तुं शक्नुवन्ति इति। येषां यात्रिकाणां विमानयानं रद्दं जातम् तेषां विमानस्थानकं प्रति आगमनस्य आवश्यकता नास्ति इति अपि सः स्पष्टीकरोति यतः तेभ्यः सूचितं भवति। तृतीयं सोपानम् आसीत् यत् अद्यैव अनेकानि विमानयानानि रद्दीकृत्य चालकदलस्य विमानस्य च पुनर्गठनं कर्तुं शक्यते, श्वः प्रातः सर्वाणि विमानयानानि पुनः आरभ्यत इति। मुख्याधिकारी अवदत्, अहं अवगच्छामि यत् एतेषां रद्दीकृतानां विलम्बितानां च विमानयानानां कारणात् अस्माकं यात्रिकाणां कृते महती असुविधा अभवत् तथा च इण्डिगो-संस्थायाः विश्वसनीयतायाः प्रभावः अभवत्, यत् वयं विगत-१९ वर्षेषु सावधानीपूर्वकं निर्मितवन्तः। मम सहकारिणः इण्डिगो-संस्थायाः अग्रपङ्क्ति-दलेन च एतस्याः स्थितिः सम्बोधयितुं अथकं कार्यं कृतम्। वयं सुनिश्चितं कुर्मः यत् भवतः विश्वसनीयता न केवलं पुनः स्थापिता अपितु कालान्तरे सुदृढा अपि भवति।

### दानापुर-बेङ्गलूरु-विशेषरेलयानं

## दुर्घटनातः संकीर्णतया पलायितवती, द्विधा विभक्तवती



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

दानापुर-पीडीडीयू रेलमार्गे नवम्ब-मासस्य २९ दिनाङ्के शनिवासरे एकः बृहत् दुर्घटना निवारणं जातम्, यदा भोजपुर-मण्डलस्य करिषठ-रेलस्थानकस्य समीपे एकः चलन्त्याः रेलयानः अचानकं द्वौ भागौ अभवत् दानापुरतः बेङ्गलूरुनगरं प्रति गच्छन्ती विशेषा रेलयाना आरास्थानकात् निर्धारितसमये प्रस्थाय बक्सरदेशं प्रति तीव्रवेगेन गच्छति स्म एषा रेलयाना पश्चिममध्यरेलमार्गेण सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी च मार्गेण गच्छति।

एतस्मिन् समये करिसथस्थानकस्य समीपे रेलयानस्य युग्मनं सहसा भग्नं जातम्, येन सम्पूर्णं रेकं द्विधा विभक्तम्। अस्याः घटनायाः कारणात् यात्रिकाणां मध्ये आतङ्कः उत्पन्नः, अपरेखायां रेलयानस्य परिचालनं बाधितम्। बहवः यात्रिकाः आतङ्किताः भूत्वा अवतीर्य भिन्नदिशि धावित्वा अराजकतां जनयन्ति स्म। सूचनां प्राप्य तत्क्षणमेव रेलमार्गाधिकारिणः, तकनीकीदलानि च घटनास्थले आगतानि।

इदं ज्ञायते यत् युग्मनं भग्नं जातम्, येन इञ्जिनं तस्य अग्रभागं च पर्याप्तं दूरं भ्रमति, पृष्ठभागः तु अटत् बहुप्रयत्नानन्तरं इञ्जिनं पुनः आनीतं, रेकस्य पुनः संयोजनस्य प्रक्रिया च आरब्धा। परन्तु अपरेखायाः कार्याणि कतिपयानि घण्टानि यावत् बाधितानि आसन्, येन अन्येषां रेलयानानां गतिः प्रभाविता अभवत्। अस्याः कारणात् रेलयानं घण्टाद्वयाधिकं यावत् घटनास्थले एव अटत्।

## सम्प्रति अनिषा द लाइव लव लाफ फाउण्डेशनस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सः दुबईनगरे पारिवारिकव्यापारस्य प्रबन्धनं करोति। अनिषा पादुकोणः पूर्वगोल्फक्रीडकः अस्ति, सा राष्ट्रिय-अन्तर्राष्ट्रीय-स्तरयोः भारतस्य प्रतिनिधित्वं कृतवती अस्ति। सम्प्रति अनिषा द लाइव लव लाफ फाउण्डेशनस्य मुख्यकार्यकारी अस्ति, यस्य स्थापना दीपिका २०१५ तमे वर्षे कृतवती। एतत् फाउण्डेशनं मानसिकस्वास्थ्यविषये जागरूकतां जनयितुं कार्यं करोति। अनिषा मनोविज्ञानं, समाजशास्त्रं, अर्थशास्त्रं च स्नातकपदवीं प्राप्तवती अस्ति। अनिषा रोहनौ चिरकालात् परस्परं ज्ञातौ, अवगतौ च। परिवाराः स्वविवाहस्य सज्जतां आरब्धवन्तः यद्यपि अद्यापि आधिकारिकरूपेण घोषणा न कृता। सूत्रानुसारं विवाहस्य सज्जतायाः विषये निकटपरिवारमित्राः, बन्धुजनाः च सूचिताः सन्ति, अस्मिन् समारोहे बहवः प्रमुखाः बालिवुड्-व्यक्तयः उपस्थिताः भविष्यन्ति इति।

## राशिफल

**मेष** : जिन कामों को लंबे समय से टाल रहे थे, उन्हें पूरा करने का सही मौका मिल सकता है।

**वृषभ** : आज का दिन स्थिरता लेकर आएगा। आर्थिक मामलों में सुधार हो सकता है और रुके हुए पैसे या काम की खबर मिलेगी।

**मिथुन** : आज कम्युनिकेशन सबसे बड़ा हथियार होगा। आप जैसे सोचेंगे, वैसे ही बोल पाएंगे। यही बात आपको आगे बढ़ाएगी।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन शांत लेकिन प्रभावी रहेगा। घर-परिवार से जुड़ी कोई बात सुलझ सकती है।

**सिंह** : आप जिस काम में हाथ डालेंगे। उसे पूरा करने की क्षमता आप में आज विशेष रूप से दिखाई देगी।

**कन्या** : राशि के लोग आज अपनी व्यवस्थित सोच की वजह से फायदा पाएंगे। कोई मुश्किल काम भी आसान लग सकता है।

**तुला** : आज रिश्तों और बातचीत का दिन है। किसी प्रिय व्यक्ति के साथ लंबी बात हो सकती है, जो हालात को बेहतर दिशा देगी।

**वृश्चिक** : आज भावनाओं और विवेक का सही मिश्रण काम करेगा। किसी पुराने अटके हुए मामले में प्रगति होगी।

**धनु** : आज का दिन हल्का-फुल्का लेकिन उपयोगी रहेगा। नए लोगों से मुलाकात या ऑनलाइन कनेक्शन काम आ सकता है।

**मकर** : आज का दिन व्यावहारिक फैसलों का है। कामकाज में स्थिरता रहेगी और जिम्मेदारियां ठीक से निभेंगी।

**कुंभ** : आज नए विचार उभरेंगे। दिमाग तेज चलेगा और किसी क्रिएटिव प्रोजेक्ट या प्लान में सफलता मिल सकती है।


**मीन** : आज थोड़ा भावुक लेकिन सकारात्मक दिन रहेगा। रचनात्मक कामों में मन लगेगा और आप अपनी बात आसानी से रख पाएंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# मंगल-चंद्रमा की युति से इन 3 राशि वालों को हर क्षेत्र में मिलेंगे अच्छे रिजल्ट

जल्द मंगल और चंद्रमा की युति से महालक्ष्मी राजयोग बनने वाला है। इस योग के प्रभाव से इन 3 राशियों को लाभ मिल सकता है। आइए इनके नाम जानते हैं।

मंगल 7 दिसंबर 2025 को धनु राशि में प्रवेश करने वाले हैं। उनका यह गोचर शाम 7 बजकर 26 मिनट पर होगा। धनु में रहते हुए मंगल 20 दिसंबर को मन के कारक चंद्रमा के साथ युति बनाएंगे। इससे 'महालक्ष्मी राजयोग' का निर्माण होगा। ज्योतिषियों के मुताबिक, मंगल-चंद्रमा से बनने वाला यह राजयोग कुछ राशियों के लिए कल्याणकारी साबित होगा। चूंकि महालक्ष्मी राजयोग धन, सुख-समृद्धि, विलासिता और मान-सम्मान का प्रतीक



है। इसलिए कुछ जातकों को धन लाभ से लेकर जीवन में कई तरह के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे सकते हैं। साथ ही परीक्षा-प्रतियोगिता में भी अच्छे रिजल्ट की प्राप्ति संभव है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**कन्या राशि-** महालक्ष्मी राजयोग आपके लिए खास रहने वाला है। इसके प्रभाव से पारिवारिक जीवन में शांति आएगी। रिश्तों में अधिक प्रेम होने पर आपको सुख महसूस होगा। भौतिक सुख बढ़ेगा। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। निवेश की नई योजनाओं का हिस्सा बनेंगे, जिससे भविष्य में मनचाहा लाभ होगा। लाभ के अच्छे मौके इस दौरान देखने को मिल सकते हैं। विवाह के लिए प्रस्ताव आएंगे। व्यवसाय से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा। हालांकि, इस अवधि में लंबित कार्य पूरे होंगे।

**वृश्चिक राशि-** आपकी स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि यह समय आपके लिए नए बदलावों से भरा रहने वाला है। बिजनेस की योजनाएं सफल होंगी। विवाह के लिए अच्छे प्रस्ताव आ सकता है। हालांकि, प्रेम विवाह करने की इच्छा रखने वालों को मंजूरी मिलेगी। परीक्षा में सफलता मिलने से सपने पूरे होते नजर आएंगे। आपका भौतिक सुख बढ़ेगा। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। अपनी जमा पूंजी से वाहन, मकान खरीदने में कामयाब होंगे। घर में सुख की प्राप्त होगी। भूमि-भवन के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। इस दौरान व्यापार में नई संभावना और डील प्राप्त हो सकती है।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए जीवन में बहार आ सकती है। करियर में अच्छे परिणाम आने से आप अपनी कामयाबी की ओर बढ़ेंगे। जीवन में किसी के आने पर आपके करियर-कारोबार में अच्छे बदलाव आएंगे। खास बात यह है कि, मीन राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग शुभ रहेगा। अटके काम पूरे होंगे। यात्राओं से लाभ मिलने और मनोकामनाओं की पूर्ति की संभावना भी बन रही है। कला के क्षेत्र में नई पहचान आपको मिलेगी। व्यक्तिगत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी। जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं उनको मनचाही नौकरी मिल सकती है।

## खबर एक नजर...

### टॉवर चौपाटी पर फल-बेल्ट की दुकान लगाने वालों में विवाद

**उज्जैन।** माधवनग थाना क्षेत्र में टॉवर चौपाटी पर फल-फूट का ठेला लगाने वाले और बेल्ट-पर्स, चश्मे की दुकान लगाने वालों के बीच विवाद हो गया। बेल्ट की दुकान लगाने वाले ने अपने साथियों के साथ फल का ठेला लगाने वाले पर चाकू-कड़े से हमला किया। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। एसआई एम.एस. अलावा ने बताया कि फल का ठेला लगाने वाले अमन पिता संदीप परमार ने शिकायत में बताया कि उसे हर्ष उसके भाई गट्टू और नितेश ने ठेला लगाने के एवज में रंगदारी करते हुए रूपयों की मांग की, नहीं देने पर चाकू से हमला किया है। वहीं हर्ष ने शिकायत दर्ज कराई उसके साथ दुकान लगाने की बात पर अमन ने मारपीट की है। एसआई अलावा के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की जा ही है।

### कार रोक फोड़ा कांच, जान से मारने की दी धमकी

**उज्जैन।** ग्राम खजूरिया कुमावत का रहने वाला रामेश्वर पिता अमोलकचंद्र कुमावत कार से उज्जैन की ओर आ रहा था। ताजपुर वैष्णव गार्डन के सामने अचानक उसकी कार के सामने बदमाश कृष्णा माली आ गया और कार रोक गाली-गलौच करते हुए पाइप से कांच फोड़ दिया। बदमाश ने रामेश्वर को धमकी दी कि क्षेत्र में आया तो जान से मार देगा। पंवासा थाना पुलिस ने रामेश्वर की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई संतोष राव ने बताया कि बदमाश नशे में था, उसे किसी कार वाले ने कट मार दिया था, जिसके चलते उसने सामने आ रही कार को रोक कांच फोड़ा और धमकी दी है। बदमाश की तलाश की जा ही है। जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

### बिजली विभाग के लाइन परिचालक के साथ मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम मातरा में रहने वाले सुमेरसिंह और प्रहलाद राजपूत का बिजली बिल काफी समय से बकाया चल रहा था। ग्राम बेडावन बिजली विभाग का लाइन परिचालक उनकी तलाश में था। बीती शाम दोनों लाइन परिचालक को सरवना रोड ग्राम बरखेड़ा मार्डन के पास मिले। परिचालक ने बकाया बिल की राशि जमा कराने की बात कहीं तो दोनों ने लाइन परिचालक के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धौंस दी। परिचालक ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत लिखित आवेदन देकर दर्ज कराई। उन्हेल थाना पुलिस ने जांच के बाद दोनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### बच्चों के साथ 14 साल बाद मिली लापता हुई युवती

**उज्जैन।** 13 जनवरी 2011 में कहारवाड़ी क्षेत्र से 19 साल की युवती लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महाकाल थाना पुलिस युवती की तलाश में थी, कई साल गुजर जाने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच 14 साल बाद शुक्रवार पता चला कि कहारवाड़ी से लापता हुई युवती से मिलती-जुलती 2 बच्चों की मां इंदिरानगर क्षेत्र में निवास कर रही है। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने लम्बे समय से गुम युवती का पता लगाने के लिये एएसआई बलराम जाट, चंद्रभानसिंह चौहान और महिला आरक्षक की टीम को इंदिरानगर रवाना किया। जहां से उक्त 2 बच्चों की मां को खोजकर पूछताछ की गई। इस दौरान सामने आया कि 2 बच्चों की मां वहीं युवती है, जो 2011 में लापता हुई थी। उसे दस्तयाब कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ के दौरान उसने बताया कि माता-पिता शादी करना चाहते थे, इसलिये घर छोड़कर चली गई थी। उसने अपनी पंसद से शादी कर ली थी, उसके बाद पति के साथ राजस्थान के कोटा चली गई थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 349-6 | 239-4 |
| मेन बाजार | 366-5 | 577-9 |
| मिलन डे | 680-4 | 170-8 |
| मिलन नाइट | 159-5 | 790-6 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 |

### अब प्रति शुक्रवार होगी सिंहस्थ कार्यो की समीक्षा

# सुरक्षा-व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर का मॉडल बनाने का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन। धार्मिक नगरी में मोक्षदायिनी क्षिप्रा किनारे 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। 12 साल में लगने वाले महाकुंभ की तैयारी शासन-प्रशासन के साथ पुलिस विभाग ने शुरू कर दी। शुक्रवार को पुलिस कप्तान ने सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें कई निर्णय लिये गये। अब प्रति शुक्रवार को कार्यो की समीक्षा होगी।

पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल पर किया। बैठक के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को मजबूत करने की समीक्षा करते हुए कहा कि सुरक्षा-व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर का मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होने सिंहस्थ में विशाल पैमाने और संभावित भीड़ के दबाव को ध्यान में रखते हुए निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश जारी करते हुए कहा कि क्षिप्रा के घाटों मंदिर मार्गो के साथ मुख्य आयोजन स्थलों पर भीड़ प्रवाह का डेटा आधारित विश्लेषण किया जाये। संवेदनशील स्थानों पर क्यू सिस्टम, रूट डायवर्जन और हाई-डेंसिटी मोमेंट्स के लिये अग्रिम प्लान तैयार किया जाये। भीड़ बढ़ने पर ग्रीन कॉरिडोर, वन-वे सिस्टम, वैकल्पिक मार्ग त्वरित रूप से लागू किया जा सके इसकी योजना तैयार की जाये। बैठक के दौरान यातायात पुलिस को रियल टाइम अपडेट सिस्टम सुदृढ़ करने के निर्देश जारी किये। समीक्षा के दौरान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक, एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा के साथ सभी डीएसपी, सीएसपी के साथ जीआरपी अधिकारी भी शामिल रहे। पुलिस कप्तान ने कहा कि अब प्रति शुक्रवार सिंहस्थ से संबंधित समीक्षात्मक बैठकें आयोजित की जायेगी। जिसमें सुरक्षा-व्यवस्था के कार्यो की समीक्षा के साथ तैयारियों की प्रगति पर रणनीति पर चर्चा कर अपडेट लिया जायेगा।

#### मजबूत की जायेगी आपातकालीन प्रतिक्रिया

सिंहस्थ में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये आपातकालीन प्रक्रिया कंट्रोलरूम, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के बीच इंटीग्रेटेड रिस्पांस सिस्टम को मजबूत करने के निर्देश जारी किये गये। महत्वपूर्ण स्थानों पर क्यूआटी, फायर एंड रेस्कयू, एम्बुलेंस रिस्पॉन्स को समयबद्ध सक्रिय रखने, भीड़ का दबाव बढ़ने पर किसी तरह से लोगों को निकाला जा सके उसका प्लान भी तैयार करने के निर्देश दिये गये।

#### उज्जैन पुलिस की प्रतिबद्धता


पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने कहा कि उज्जैन पुलिस पूरी सतर्कता, तत्परता और पेशेवर दृष्टिकोण के साथ सिंहस्थ 2028 की तैयारियों में जुट गई है। नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा, सुचारू आवागमन और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना उज्जैन पुलिस का सर्वोच्च दायित्व है।

#### तकनीकी निगरानी और सुरक्षा-व्यवस्था

सिंहस्थ महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तकनीकी निगरानी ड्रोन, सीसीटीवी, एआई आधारित निगरानी के साथ फेस रिकॉग्निशन तकनीक का अधिकतम उपयोग करने और सभी सेक्टर प्रभार्री को अपने क्षेत्र की डिजिटल मॉनिटरिंग रिपोर्ट तैयार कर आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करते हुए पूर्व निर्धारित मार्ग, बफर जोन का प्लान तैयार करने की बात कहीं गई।

# 32.41 लाख रुपये का गबन रिमांड पर कियोस्क संचालक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




जनधन खाताधारकों के साथ 32.41 लाख से अधिक का गबन करने वाले कियोस्क संचालक को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जिसे पुलिस ने पूछताछ के लिये 8 दिसंबर तक रिमांड पर लिया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि श्रीकृष्ण कालोनी में शगुन एमपी ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर का संचालक आनंद बागडिया द्वारा 62 खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी करते हुए 32.41 लाख का गबन किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में उससे ढाई लाख की राशि बरामद की जा चुकी है। सालभर से वह खाताधारकों का पैसा अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर रहा था। उसके द्वारा रुपए जमा करने आने वाले खाताधारकों से राशि प्राप्त की जाती थी और रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये जाते थे। लेकिन राशि बैंक में जमा नहीं की जाती थी। वहीं राशि निकालने वालों से बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगा लिया जाता था और सर्वर डाउन होने का झांसा दिया जाता था। संचालक आनंद बागडिया टेलिग्राम पर क्रिप्टो करेंसी की लिंक के माध्यम से मुनाफा कमाने के मायाजाल में फंसकर लाखों रूपयों गवां चुका था। जिसके चलते उसने खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी की है।

# गिरफ्त में शराब और गौ-तस्करी का फरार आरोपी

## पिकअप-कार छोड़कर भागे थे, साथियों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बोलेरो पिकअप और स्वीफ्ट कार से गौ तस्करी के साथ अवैध शराब परिवहन के मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसके साथियों का पता चला है, जल्द उनकी गिरफ्तारी की जायेगी।

इंगोरिया थाना पुलिस ने 30 नवम्बर को सूचना मिलने पर पिकअप क्रमांक एमपी 04 जीबी 5861 और उसके आगे चल रही स्वीफ्ट कार क्रमांक एमपी 09 झेड झेड 2566 का पीछा किया था। दोनों चालक खरसौद खुर्द टोल के आगे वाहन छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस को स्वीफ्ट कार से 30 लीटर शराब से भरी केन और पिकअप से 5 गौवंश के साथ 60 लीटर शराब से भरी 2 केन मिली थी। मामले में अवैध शराब परिवहन के साथ पशु क्रूरता अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर चालकों की तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि वाहन नम्बर के आधार पर पिकअप चालक रामचरण उर्फ सागर पिता मांगीलाल मोंगिया 41 साल निवासी ग्राम इंदिरा आवास मोहल्ला, घोंसला को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने अपने साथी के साथ गौ तस्करी और अवैध शराब परिवहन की बात स्वीकार कर ली। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार उसका दूसरे साथी स्वीफ्ट चालक का सुराग मिल चुका है, जिसकी गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जायेगी। वहीं पता चला कि पूरे मामले में कुछ ओर लोग भी शामिल है, जो घोंसला के रास्ते गौवंश तस्करी का काम कर रहे है। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में एएसआई दिनेश निनामा, कनीराम डिंडोर, प्रधान आरक्षक अशोक कटारा, सरदारसिंह खरते, धर्मेन्द्र मीणा और टीम का सहयोग रहा।

# बाइक पर सवार दिखा बैंक में चोरी का प्रयास करने वाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**हेलमेट से छुपा रखा था मुंह, पुलिस ट्रेस कर रही रूट**




बैंक ऑफ बड़ौदा में बुधवार-गुरूवार रात चोरी का प्रयास करने वाले बदमाश के अब फुटेज सामने आ रहे है। बैंक के आसपास वह पैदल दिखाई दिया था, लेकिन बाद में बाइक से भागता दिखा है। पुलिस उसका रूट ट्रेस कर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि मक्सीरोड बैंक ऑफ इंडिया में हुए चोरी के प्रयास के बाद बदमाश का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। बदमाश बाइक से जाता दिखाई दिया है। उसने हेलमेट लगा रखा था। उसके आने और जाने दोनों मार्गो पर लगे कैमरे देखे जा रहे है। उसकी बाइक का नम्बर दूरी की वजह से स्पष्ट नहीं हो पाया है, बावजूद उसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में टीम लगी हुई है। वहीं जानकारी यह भी सामने आई है कि बदमाश ने मक्सीरोड पर कुछ ओर स्थानों पर भी चोरी का प्रयास किया था। लेकिन सफल नहीं हो पाया है। उसके गिरफ्त में आने पर कई मामलों का पता चल सकता है।

#### ताला तोड़ उचकाई थी शटर

बैंक ऑफ इंडिया की मक्सीरोड ब्रांच में बदमाश ने रात 2 से 3 बजे के लगभग धावा बोला था, उसने ताला तोड़कर बैंक का शटर उचका दिया था, लेकिन अंदर चैनल गेट लगा होने पर घुस नहीं पाया था। सुबह घटनाक्रम सामने आने पर पुलिस पहुंची थी, उस दौरान सामने आया था कि रात में बैंक का सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था, यहीं नहीं बैंक के कैमरे भी बंद थे। जबकि कुछ माह पहले महानंदानगर स्थित बैंक में हुई चोरी के बाद पुलिस ने सुरक्षा के इंतजामों को पुख्ता करने के लिये निर्देश बैंक अधिकारियों को दिये थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com